तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 29.4 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 20 मई 2026


अशोक नगर स्थित शराब दुकान के सामने रोज जाम लगा रहता है।



## खबर संक्षेप

### प्रधान मु. परिचालन प्रबंधक सिन्हा ने संभाला पदभार

**बिलासपुर।** कमल किशोर सिन्हा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक का पदभार ग्रहण किया है। 1995 बैच के भारतीय रेल ट्रैफिक सेवा आईआरटीएस अधिकारी श्री सिन्हा इससे पहले दक्षिण पूर्वी रेलवे कोलकाता में प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने पूर्व मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण रेल मंडल धनबाद में मंडल रेल प्रबंधक जैसे प्रतिष्ठित पद पर भी कार्य किया है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक रहे जेएस बिंद्रा विशाखापट्टनम पोर्ट प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में प्रतिनियुक्ति पर जा रहे हैं। अब श्री सिन्हा प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के रूप में श्री बिंद्रा का स्थान लेंगे।



### पेंशनर एसोसिएशन का धरना आज

**बिलासपुर।** आल इंडिया बीएसएनएल पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन की राष्ट्रीय समिति के आव्हान पर एसोसिएशन की छत्तीसगढ ईकाई द्वारा 20 मई को सुबह 11 बजे महाप्रबंधक दूरसंचार बीएसएनएल कार्यालय के समक्ष धरना एवं प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। परिमंडल सचिव आर एल सूर्यवंशी ने बताया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक सदस्यों की शामिल होने की संभावना है। इस आंदोलन में बीएसएनएल में कार्यरत एवं रिटायर्ड कर्मचारियों एवं अधिकारियों के सभी संगठनों का समर्थन है। इसमें 1 जनवरी 2026 एवं 1 अप्रैल 2026 से देय महंगाई भत्ता शीघ्र भुगतान की मांग गई है। इसके अलावा भविष्य में महंगाई भत्ता देय होने पर अविलंब भुगतान करने कहा गया है। इस देशव्यापी धरना प्रदर्शन में कार्यरत और पेंशनर सदस्य ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

### भेषज विशेषज्ञ नियुक्ति के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 25 को

**बिलासपुर।** जिला चिकित्सालय में स्पेशलिस्ट मेडिसिन (भेषज विशेषज्ञ) पद पर अस्थायी नियुक्ति के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू 25 मई को रखा गया है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नूतन चौक सरकंडा में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सीधे साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। अभ्यर्थियों का पंजीयन सुबह 10:30 बजे से 11:30 बजे तक किया जाएगा।

### सीटेट के लिए ऑनलाइन आवेदन 10 जून तक

**बिलासपुर।** सीबीएसई ने सीटेट के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। सीटेट परीक्षा 6 सितंबर को होगी। इसके ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। आवेदन 10 जून की मध्य रात्रि तक होंगे। शुल्क भी 10 जून तय की गई है।

### ओपन यूनिवर्सिटी में आवेदन 12 जून तक

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन यूनिवर्सिटी द्वारा सत्र 2026-27 के लिए द्विवर्षीय बीएड व डीएलएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र में संशोधन की सुविधा 13 से 15 जून तक रहेगी। प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 23 जून से डाउनलोड किए जा सकेंगे। बीएड एवं डीएलएड की प्रवेश परीक्षा 28 जून को संभावित है। परीक्षा के अगले दिन 29 जून को मॉडल उत्तर जारी किए जाएंगे, जिन पर अभ्यर्थी 3 जुलाई तक आपत्ति दर्ज करा सकेंगे।

# मरवाही में दिखा सफेद भालू, ग्रामीण पर किया हमला, वन अमला अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मरवाही वनमंडल क्षेत्र में सफेद भालू से ग्रामीण एरिया में दहशत का माहौल है। अचानक सामने एक ग्रामीण के आने के बाद भालू ने हमला कर उसे घायल कर दिया है, जिसे उपचार कराने के बाद रिफर कर वन विभाग की टीम ने क्षेत्र में अलर्ट जारी कर दिया है।

मरवाही वन मंडल क्षेत्र के आमाडांड और बसंतपुर के बीच जंगल में एक वयस्क सफेद भालू नजर आने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस दौरान भालू ने एक ग्रामीण पर जानलेवा हमला किया, जिससे ग्रामीण को गंभीर चोट पहुंची। आमाडांड गांव के कुछ ग्रामीण किसी कार्य से जंगल की ओर गए हुए थे। इसी समय आमाडांड और बसंतपुर के बीच घने जंगल में उनका सामना अचानक दुर्लभ सफेद भालू से हो गया। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते और स्वयं को बचाते, भालू ने अधेड़ व्यक्ति पर हमला कर दिया। भालू के अचानक हमले से ग्रामीण घायल हो गया। घटना के समय वहां





मौजूद लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए जमकर शोर मचाया, जिसकी आवाज से भालू जंगल की ओर निकल गया। इसके तत्काल बाद घायल हुए ग्रामीण को आनन-फानन में प्राथमिक उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती किया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे घर वापस भेज दिया। दूसरी ओर इलाके में सफेद स्लॉथ बियर के दिखाई देने और ग्रामीण पर हमले की सूचना आग की तरह फैल गई। मौके पर बड़ी संख्या में आसपास के लोगों की भीड़ जमा होने लगी। वहीं वन विभाग की टीम ने दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को जंगल की ओर नहीं जाने की समझाइश दी।

**ट्रैप कैमरा लगाया जाएगा**

सफेद भालू आमाडांड, नवागांव और बसंतपुर होते हुए मरवाही वन मंडल के कक्ष क्रमांक 2351 में आने के बाद बस्ती की ओर घूम रहा था। इस दौरान उसने एक व्यक्ति के ऊपर हमला भी किया, जिससे उक्त ग्रामीण घायल हो गया था। ग्रामीण का प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसे वापस भेज दिया गया है। भालू लगातार आगे की ओर बढ़ रहा है, विभाग की कोशिश है कि वह वापस बस्ती की ओर न मुड़े। इसके लिए ट्रैप कैमरा भी लगाया जाएगा।

- **ग्रीष्मी चांद,** डीएफओ, मरवाही वन मंडल



**निगरानी कर रहा अमला**

आमाडांड और बसंतपुर के जंगल के बाद सफेद भालू बस्ती में पहुंचकर दो तीन घरों में भी घुस गया था। उसने एक व्यक्ति पर हमला किया, जिससे उसे चोट पहुंची थी। उक्त व्यक्ति का उपचार कराने के बाद छोड़ दिया गया। फिलहाल मौके पर स्टाफ लगातार निगरानी रखे हुए हैं।

## पब्लिक ट्रांसपोर्ट के उपयोग की अपील लेकिन बस सेवा 6 सालों से ठप

# 25 करोड़ में खरीदीं गईं 50 सिटी बसें होंगी नीलाम, 13 गाड़ियां ही सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में चलने वाली सिटी बस सेवा का हाल-बेहाल है। नगर निगम के दावों के विपरीत, सड़कों पर बसों की संख्या उंगलियों पर गिनने लायक रह गई हैं, जिससे आम जनता आटो और निजी वाहनों के भारी खर्च को झेलने को मजबूर हैं। निगम के पास 50 सिटी बसें हैं लेकिन इनमें से वर्तमान में सिर्फ 13 बसों का संचालन किया जा रहा है। शेष बसें कबाड़ में तब्दील हो चुकी हैं या टायरों और पुर्जों के अभाव में डिपो में खड़ी हैं। आलम यह है कि जिस रूट पर हर 15 मिनट में बस होनी चाहिए, वहां घंटों इंतजार के बाद भी बस नहीं आ रही है। इधर 25 करोड़ में खरीदीं गईं 50 सिटी बसें कंडम हो गईं हैं और अब निगम इसकी नीलामी करेगा। इसमें 40 नॉन एसी और 10 एसी बसें शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से अपील की है कि ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग करें लेकिन न्यायधानी बिलासपुर के नागरिकों के लिए यह अपील केवल एक सपना बनकर रह गई है। मजबूरी में ऑटो और निजी वाहनों में ज्यादा किराया खर्च करना पड़ रहा है। शहरवासियों का कहना है कि सार्वजनिक परिवहन की कमी से ट्रैफिक और प्रदूषण दोनों बढ़ रहे हैं। बसों की जर्जर हालत को देखते हुए निगम ने 22 बसों को मरम्मत के लिए रायपुर भेजा है लेकिन अधिकारी भी मानते हैं कि बसें कंडम हो चुकीं हैं और इनका सुधार होना असंभव ही है।



### इन रास्तों पर चल रही सिटी बस

- **कोनी रूट :** गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय से रेलवे स्टेशन मार्ग
- **तखतपुर-कोटा :** ग्रामीण क्षेत्रों से शहर आने वाले यात्रियों का मुख्य मार्ग।
- **तिफरा-सकरी :** औद्योगिक और रिहायशी इलाकों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क
- **रतनपुर मार्ग :** धार्मिक पर्यटन और स्थानीय आवाजाही के लिए।

### इसलिए फेल हो रही हैं सिटी बसें

सिटी बस सेवा के इस हाल के पीछे सबसे बड़ा कारण आपरेटिंग एजेंसी और नगर निगम के बीच भुगतान का विवाद है। डीजल के बढ़ते दाम और मेंटेनेंस का खर्च न मिलने के कारण आपरेटरों ने हाथ खींच लिए हैं। हाई कोर्ट की फटकार के बाद भी स्थिति में कोई स्थाई सुधार नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में शहर के लिए 13 बसें बच गईं और यह ये बसें शहर क्षेत्र की लगभग छह लाख की जनसंख्या के लिए नाकाफी साबित हो रही हैं। चाहकर भी लोग सिटी बस का उपयोग शहरी यातायात के रूप में नहीं कर पा रहे हैं। हाईकोर्ट में भी राज्य सरकार ने अपने शपथपत्र में बताया कि, कोविड महामारी और देशव्यापी लॉकडाउन के कारण साल 2020-2021 में सिटी बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। इसके चलते कई बसें खड़ी-खड़ी खस्ताहाल हो गईं और अब उनमें से अधिकांश मरम्मत की स्थिति में नहीं हैं।

■ **ट्रैफिक और प्रदूषण दोनों बढ़ रहे हैं, आम जनता आटो और निजी वाहनों के भारी खर्च को झेलने को मजबूर**



**ई-बस सेवा जल्द होगी शुरू**

निगम के पास 50 सिटी बसें हैं लेकिन इनमें से वर्तमान में सिर्फ 13 बसों का संचालन किया जा रहा है। बाकी बसों की 10 साल की अवधि समाप्त हो गई है इसलिए आरटीओ के नियमानुसार इन्हें सड़क पर उतारना ठीक नहीं होगा। जो बसें खराब हो गईं हैं उनकी आक्शन किया जाएगा। ई बसें जल्द ही शहर पहुंचेंगी।

- **अनुपम तिवारी**
नोडल अधिकारी, सिटी बस सेवा

### इलेक्ट्रिक बसें चलाने में हो रही देरी

इधर शपथ पत्र के अनुसार, भारत सरकार की प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत छत्तीसगढ़ के चार प्रमुख शहरों दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और कोरबा के लिए 140 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं। बिलासपुर के लिए 50 और रायपुर के लिए अलग से 100 बसों की मंजूरी दी गई है। बिलासपुर को इस योजना के तहत 12.40 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इसमें बस डिपो और बीटीएम विद्युत अवसंरचना का काम जारी है।केन्द्र और राज्य के बीच अनुबंध होने के बाद ई बसों के बिलासपुर पहुंचने की बात कही जा रही है।

### कई बसों के अंदर झाड़ियां तक उग आईं

इधर 25 करोड़ में खरीदीं गईं 50 सिटी बसें कंडम हो गईं हैं और अब निगम इसकी नीलामी करेगा। इसमें 40 नॉन एसी और 10 एसी बसें शामिल हैं। इसके साथ ही जिस बेंगलोर की दुर्गाम्बा सर्विस को बसों के संचालन का काम दिया गया था उसने बसों की मरम्मत से इंकार कर दिया है। मरम्मत के लिए दी गई 11 बसें अभी भी एजेंसी में साढ़े 11 लाख के बिल का भुगतान नहीं होने के कारण वही खड़ी हैं। इसकी भी निलामी करने का फैसला लिया गया है। निगम के मुताबिक इन बसों की 10 साल की अवधि समाप्त हो गई है इसलिए आरटीओ के नियमानुसार इन्हें सड़क पर उतारना ठीक नहीं होगा। अधिकांश बसों के पहिए गायब है डिपो में खड़ी की गई कई बसों के कांच टूटे हैं। बसों के कई साल से खड़े होने के कारण बस के अंदर ड्राइवर सीट के पास गेयर बाक्स के अंदर से झाड़ियां तक उग आई हैं।

## जन औषधि केंद्र व सरकारी मेडिकल स्टोर रहेंगे खुले

# आज बंद रहेंगी दो हजार से अधिक मेडिकल दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ऑनलाइन दवा बिक्री व्यवस्था और केंद्र सरकार के जीएसआर नियमों के विरोध में बिलासपुर सहित देशभर में मेडिकल दुकानें बंद रहेगी। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आव्हान पर जिला औषधि विक्रेता संघ ने मेडिकल दुकानों को बंद रखने का एलान कर दिया है। संघ पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता में ऑनलाइन फार्मेसी व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठाते और इसे मेडिकल व्यवसाय और मरीजों की सुरक्षा के लिए खतरा कहा है। मेडिकल स्टोर के बंद होने की सूचना पाते ही प्रशासन भी हरकत में आ चुका है और खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने लोगों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने की जिम्मेदारी संभाल ली है।

जिला अध्यक्ष बिलासपुर एवं प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार के नियम जीएसआर 220 और जीएसआर 817 के साथ ही ऑनलाइन दवा बिक्री को लेकर दवा दुकानदारों का विरोध सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि कोविड काल के बाद से ऑनलाइन दवा बिक्री नियंत्रण से बाहर हो चुकी है।बड़े पैमाने पर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग कर फर्जी प्रीसक्रिप्शन तैयार किए जा रहे है और बिना किसी वास्तविक सत्यापन के दवाइयों दी जा रही है। इससे नारकोटिक और साइकोट्रोपिक दवाओं के दुरुपयोग बढ़ा है। संघ का आरोप है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म केवल कारोबार बढ़ाने पर केंद्रित हैं, जबकि मरीजों की सुरक्षा और दवाओं के सही उपयोग को लेकर जिम्मेदारी तय नहीं है। मेडिकल स्टोरों में मौजूद फार्मासिस्ट मरीजों को दवा की सही जानकारी, डोज, साइड इफेक्ट और उपयोग की पूरी सलाह देते हैं, लेकिन ऑनलाइन सिस्टम में यह पूरी प्रक्रिया सिर्फ "डिलीवरी मॉडल" बनकर रह गई है। इससे भविष्य में स्वास्थ्य जोखिम का सामना करना पड़ेगा।




**केमिस्टों का एलान, प्रशासन अलर्ट**

### यह पदाधिकारी थे शामिल

ऑनलाइन फार्मेसी व्यवस्था से छोटे मेडिकल व्यापारियों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। इससे जुड़े लाखों परिवारों की रोजी-रोटी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि महामारी, लॉकडाउन और आपदा के समय बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म नजर नहीं आ रहे थे, तब मोहल्लों और कस्बों के मेडिकल स्टोरों ने लोगों तक दवाइयां पहुंचाई है। इस दौरान सच्चानंद तीर्थानी, हरेंद्र सिंह, संजय महोबे, विशाल गोयल, विजय ठाकुर, नरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में दवा व्यवसायी और संघ पदाधिकारी मौजूद रहे।

### हरकत में आया ड्रग विभाग

दवा दुकानों के बंद रहने की खबर के बाद खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग हरकत में आ चुका है। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। विभाग ने नंबर जारी किए है, जहां डॉक्टर की पर्ची के आधार पर आवश्यक दवाएं मिल सकेगी। सहायक औषधि नियंत्रक, औषधि निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किए गए है। इस दौरान जिला चिकित्सालय सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर तथा रेडक्रॉस सोसायटी की मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे।

**की गई वैकल्पिक व्यवस्था**

दवा विक्रेता संघ द्वारा 20 मई को बंद किया जा रहा है, इस दौरान किसी भी मरीज व परिजनों की दवा की जरूरत पड़ने पर सभी सरकारी अस्पतालों में दवा मिल सकेगी। इसके साथ ही हमारे औषधि निरीक्षक व संगठन के पदाधिकारियों के मोबाइल पर संपर्क कर दवा ली जा सकेगी। इसके लिए डाक्टर द्वारा लिखी पर्ची व आवश्यक जानकारी मांगी जाएगी।

- **भीष्म देव सिंह,** सहायक औषधि नियंत्रक

## पांच दिनों में दूसरी बार बढ़ीं पेट्रोल-डीजल की कीमतें, बढ़ जाएंगे सब्जी-किराना समानों के दाम

# कीमतों में फिर बढ़ोतरी के बाद 98 पर पहुंचा डीजल, पेट्रोल 105




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पांच दिनों के भीतर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार दूसरी बार बढ़ोतरी हुई है। मंगलवार की सुबह छह बजे पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 90 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद डीजल की कीमत 98 रुपए 20 पैसे पहुंच चुकी है, वहीं पेट्रोल 105 रुपए 16 पैसे में मिलने लगा है। पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी के बाद ट्रांसपोर्टेशन लागत बढ़ेगी, जिसका असर फल, सब्जियों एवं किराना सामानों की कीमतों में देखने को मिलेगा।

केवल पांच दिनों के भीतर ही लगातार दूसरी बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो गई है। बीते दिनों पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 3.26 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी, जबकि मंगलवार को एक बार फिर 90 पैसे की बढ़ोतरी कर दी गई। आज की स्थिति में शहर में पेट्रोल की कीमत 98.20 रुपए एवं डीजल की कीमत 105.16 पैसे हो चुकी है। शहर में चूंकि ज्यादातर सब्जियों एवं किराना सामानों की सप्लाई बाहर से ही होती है, जिससे पेट्रोल व डीजल की कीमत बढ़ने के बाद अब ट्रांसपोर्टेशन और महंगा हो जाएगा, जिसका असर फल, सब्जियों एवं किराना सामानों की कीमतों पर पड़ेगा। कीमतों में बढ़ोतरी के बाद नागरिक गैर जरूरी अन्य सामानों से दूरी तो बना सकते हैं, लेकिन फल, सब्जी एवं किराना जैसी मूलभूत सामग्रियों को अनिवार्य रूप से लेना ही पड़ेगा। ऐसे में प्रत्येक घरों के मासिक बजट में भी पहले की तुलना में अंतर आएगा।

### 114 पर पहुंचा प्रीमियम पेट्रोल

प्रीमियम पेट्रोल वाहनों के माइलेज के लिए अच्छा माना जाता है, जिससे उसकी कीमत भी सामान्य पेट्रोल की तुलना में अधिक होती है। पांच दिनों पहले शहर में प्रीमियम पेट्रोल की कीमत 109 रूपए थी, जो आज बढ़ोतरी के बाद 114 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच चुकी है। इस पेट्रोल के ग्राहक अधिक नहीं होते। ग्राहक प्रीमियम पेट्रोल का रेट अधिक होने के कारण अपने वाहनों में सामान्य पेट्रोल ही भरवाते हैं, जिससे पेट्रोल पंपों में प्रीमियम पेट्रोल भरवाने वालों की लाइन हमेशा छोटी ही होती है।

### कमी नहीं, लेकिन सप्लाई धीमी

प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं है। स्टॉक पर्याप्त है, लेकिन सप्लाई धीमी है। पंप संचालकों के अनुसार कंपनी में मांग करने के बाद डिपो से टैंकर आने में समय लग रहा है। मंगलवार को भी शहर के कुछ पंपों में डीजल की अनुपब्धता रही। हालांकि पंप संचालकों ने देर शाम तक टैंकर पहुंच जाने की बात कही है।

## दूध की कीमतें बढ़ी, बिगड़ा घर का बजट

दूध बेचने वाली सारी कंपनियों ने दूध की कीमतों में एक से दो रूपए प्रति आधा लीटर की बढ़ोतरी कर दी है। दूध लोगों के घरों की सुबह सोकर उठने से लेकर रात को सोने तक की जरूरत है। ऐसे में इसकी कीमतें बढ़ने के बाद निश्चित रूप से लोगों के बजट पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। कुछ दिनों पहले तक 28 रूपए प्रति आधा लीटर की कीमत में मिलने वाला काया कंपनी का दूध अब दो रूपए बढ़ोतरी के साथ 30 रूपए में मिलेगा। इसी तरह दिनशा कंपनी का 28 रूपए प्रति आधा लीटर की कीमत में मिलने वाला दूध अब एक रूपए बढ़कर 29 रूपए में मिलेगा। देवभोग कंपनी का दूध अभी 29 रूपए प्रति आधा लीटर की कीमत में उपलब्ध है, लेकिन दुकानदारों के अनुसार पहले यह 28 रूपए कीमत में मिल रहा था, जिसमें एक रूपए की बढ़ोतरी कर 29 रूपए कीमत की गई है। इसी तरह अमूल दूध की कीमतों में भी एक से दो रूपए प्रति आधा लीटर की बढ़ोतरी की गई है।

■ **पेट्रोल-डीजल की कीमत बढ़ते ही महंगा होने लगा ट्रांसपोर्टेशन**



### खुले दूध की भी बढ़ेगी कीमत

संस्थानों एवं दूध का व्यवसाय करने वालों ग्वालों के द्वारा 50 से 60 रूपए कीमत में दूध की बिक्री की जा रही है। गांव से शहर आकर दूध बेचने वाले ग्वाले अब तक 50 रूपए प्रति लीटर की कीमत में दूध बेच रहे हैं, तो यहीं से दूध का व्यवसाय करने वाले 55 रूपए प्रति लीटर कीमत में दूध बेच रहे हैं। शहर के कुछ प्रमुख डेयरी संस्थानों द्वारा पहले से ही 60 रूपए कीमत में दूध बेचा जा रहा था, लेकिन पूरी संभावना है कि पेट्रोल-डीजल में बढ़ोतरी के बाद चारा एवं ट्रांसपोर्टेशन महंगा होने की बात कहते हुए इनके द्वारा भी दूध की कीमतों में पांच रूपए प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष का चुनाव 28 को, बनी सहमति




**बिलासपुर।** आज प्रगतिशील युवा स्वर्णकार समाज की बैठक पुरुषोत्तम लाल सोनी, सीएल सोनी एवं अनूप सोनी की अध्यक्षता में श्री श्याम सराफा सदर बाजार करोना चौक में हुई। जिसमें कार्यकारिणी द्वारा 1 अप्रैल से आज तक बनाए गए 108 सदस्यों की एवं पूर्व से प्राप्त 32 सदस्यों का लेखा-जोखा समाज के बीच में प्रस्तुत किया गया। पूर्व में एसबीआई कलेक्टोरेट शाखा में जमा राशि का चेक संरक्षकों को दिया गया। संरक्षकों द्वारा आम सहमति से 28 जून को आम चुनाव कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसका अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 जून को किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि केवल वही स्वर्णकार समाज के सदस्य चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे जिन्होंने समाज की सदस्यता ग्रहण का निर्धारण सदस्यता शुल्क जमा किया है। बैठक में सामाजिक गतिविधियों को विस्तार देने पर सहमति, आपसी भाईचारा अनुशासन और एक जुटता बनाएं रखने का संकल्प लिया गया। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए तीन सदस्यीय चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया। जिसमें पुरुषोत्तम लाल सोनी, राकेश सोनी, प्रेम सोनी हैं। बैठक में अनुप कुमार सोनी, पुरुषोत्तम सोनी, सीएल सोनी, सूर्यकांत सोनी, श्रीकांत प्रसाद सोनी, राकेश सोनी, विजय स्वर्णकार, पवन सोनी, सुरेश कुमार सोनी, राजू सोनी, सूरज सोनी, हेमंत सोनी, संतोष सोनी, अनिल सोनी, दीपक सोनी, प्रेम सोनी, बिहारी लाल सोनी, रमेश सोनी, आर के सोनी, गुना राम सोनी, सुनील सोनी आदि मौजूद थे।

### संभाग आयुक्त ने प्रकरणों की सुनवाई के लिए किया कार्य विभाजन

**बिलासपुर।** बिलासपुर संभाग में अपर आयुक्त का पद रिक्त होने के कारण कार्यालयीन कार्यों एवं विभिन्न प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए आयुक्त बिलासपुर संभाग द्वारा कार्य विभाजन संबंधी आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पूर्व में जारी कार्य विभाजन आदेश को निरस्त करते हुए नवीन व्यवस्था लागू की गई है। आदेश के तहत आयुक्त सुनील जैन को बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, मुंगेली, सारंगढ़-बिलाईगढ़, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही एवं सक्ती जिलों से संबंधित कलेक्टरों के आदेशों के विरुद्ध अपील प्रकरणों की सुनवाई का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा जिला स्तरीय ओवर साइट कमेटी, राष्ट्रीय राजमार्गों के पुनर्वास एवं उन्नयन हेतु भूमि अधिग्रहण से जुड़े मध्यस्थता प्रकरण, खाद्य औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1985 के प्रकरण तथा पंचायत राज अधिनियम से जुड़े मामलों की सुनवाई भी उनके जिम्मे रहेगी। प्रशासनिक कार्यों के अंतर्गत इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, सीएसआर, स्वच्छ भारत अभियान, नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन संबंधी प्रकरण, धान खरीदी निरीक्षण एवं परीक्षण, कौशल विकास, नजूल प्रकरणों की सुनवाई होगी।

**रुकी मूल्यांकन राशि का होगा भुगतान** | एयू में कुलपति पटेरिया की अध्यक्षता में हुई पहली बैठक

# कार्यपरिषद की बैठक में पेपर सेटिंग व मूल्यांकन कार्य के भुगतान का मुद्दा उठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी में कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को पहली कार्य परिषद की बैठक हुई। इस बैठक में परीक्षाओं के लिए पेपर सेटिंग एवं आन्सरशीट मूल्यांकन कार्य के भुगतान का मुद्दा उठा।

अटल यूनिवर्सिटी में आज कार्य परिषद की बैठक हुई। प्रो. एलपी पटेरिया के कुलपति का पदभार ग्रहण करने के बाद उनकी अध्यक्षता में यह पहली कार्य परिषद की बैठक हुई। बैठक में कुलपति से सभी सदस्यों का परिचय हुआ और पिछले बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा कुछ विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्य के रूप में उपस्थित शासकीय जेपी वर्मा कालेज के प्राचार्य एसएल निराला ने परीक्षाओं के लिए पेपर सेटिंग और आन्सरशीट के मूल्यांकन कार्यों के भुगतान नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि काफी समय से पेपर सेटिंग और मूल्यांकन कार्य का भुगतान नहीं हो पाया है। इसी तरह पेपर सेटिंग की राशि भी बढ़ाए जाने की मांग रखी। इस पर कुलपति प्रो. पटेरिया ने पेपर सेटिंग और मूल्यांकन कार्य के रूके हुए भुगतान करवाने की बात कही है। इसी तरह एक्सटर्नल के पैनल बनाए जाने के विषय पर भी चर्चा हुई और यूनिवर्सिटी परिसर में पीडब्लूडी द्वारा बनाए गए ट्रांजिट हास्टल को लिए जाने और उसके बदले राशि एवं जमीन दिए जाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सेल्फ फायनेंस अंतर्गत नए पाठयक्रम शुरू करने प्रस्ताव देने पर भी चर्चा हुई।



कार्य परिषद की बैठक में कुलपति प्रो. एलपी पटेरिया व रजिस्ट्रार डॉ. तारणिश गौतम सहित सदस्यगण उपस्थित रहें।

निगम ने रि-डवलपमेंट प्लान के तहत शामिल किया

# 3 करोड़ में संवरेगा बदहाल दीनदयाल गार्डन अमृत मिशन 2.0 योजना में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार स्थित दीनदयाल गार्डन एक बार फिर बदहाल हो गया है और एक बार फिर इसके सुधार में 3 करोड़ रुपए खर्च किए जाने की योजना बनाई गई है। इस रि-डवलपमेंट प्लान के तहत दीनदयाल गार्डन को अमृत मिशन 2.0 योजना में शामिल किया गया है। इसमें गार्डन के पुराने प्रवेशद्वार से लेकर सबकुछ नया बनने जा रहा है। अमृत मित्र योजना तहत दीनदयाल गार्डन के देखरेख के लिए महिला स्व सहायता समूह को दिया गया है। महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने यहां चल रहे कामों का मंगलवार को निरीक्षण किया।

व्यापार विहार के पं. दीनदयाल गार्डन का संचालन वर्तमान में नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। इससे पहले निगम द्वारा लाखों रुपए खर्च कर व्यापार विहार स्थित दीनदयाल गार्डन को फन पार्क के रूप में बनवाया गया था और साज-सज्जा के साथ सौंदर्यीकरण के कार्य कराए गए थे। इसके बाद गार्डन संचालन के लिए रोटरी क्लब को दिया गया था, इसलिए रोटरी गार्डन के नाम से भी इसे जाना जाने लगा था।

रोटरी क्लब की ओर से गार्डन में खर्च कर इसे फन पार्क बनाया गया। गार्डन में कैफेटेरिया बनवाया गया है जो बंद पड़ा है। गार्डन का फाउंटेन भी बंद पड़ा है और गार्डन भीतर पानी सप्लाई पाइप लाइन खराब पड़ी है।



### अब फिर से इन सुविधाओं का दावा

अब अमृत मिशन 2.0 योजना के तहत गार्डन में ओपन थियेटर, घूमने आने वालों के लिए बैठक व्यवस्था, नया रोटरी बनेगा और मूर्ति की हाईट बढ़ाई जाएगी। पूरे गार्डन में लाईटिंग व्यवस्था के साथ ही हरे-भरे पेड़-पौधे लगवाएं जाएंगे। दावा है कि जीर्णोद्धार कार्य के बाद दीनदयाल गार्डन एक तरह से नया गार्डन बन जाएगा, यहां पाथवे एवं एक्यूप्रेशर टाइल्स भी लगाए जा रहे हैं।

### फंड के अभाव में संचालन नहीं

गार्डन में शाम को 10 रुपए एंट्री फीस तथा 10 रुपए वाहन पार्किंग फीस रखा गया था। रोटरी क्लब द्वारा गार्डन में काफी खर्च किया गया था, किन्तु आगे फंड के अभाव में रोटरी क्लब से दीनदयाल गार्डन के संचालन से हाथ खड़े कर दिया। इसलिए अब नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा है।

### सभी कार्यों का लेंगे जायजा

व्यापार विहार स्थित दीनदयाल में सुधार पर 3 करोड़ रुपए खर्च किए जाने की योजना बनाई गई है। इसे रि-डवलपमेंट प्लान के तहत अमृत मिशन 2.0 योजना में शामिल किया गया है। यहां पाथवे एवं एक्यूप्रेशर टाइल्स भी लगाए जा रहे हैं। मंगलवार को मौके पर पहुंचकर सभी कार्यों का जायजा लिया गया।

- पूजा विधानी,
महापौर

# 2.50 लाख का एमडीएमए ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पंजाब से एमडीएमए ड्रग्स लाकर शहर में खपाने वाले दो तस्करों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से 27 ग्राम एमडीएम बरामद किया गया। उसकी कीमत 2.50 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

सीएसपी निमितेश सिंह परिहार ने बताया, सूचना मिली एक एस क्रांस कार क्रमांक सीजी 28 एल, 8130 में चकरभाठा क्षेत्र के ग्राम रहंगी खोलीभाटा मैदान में दो व्यक्ति कार खड़ी कर एमडीएमए बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे व एसीसीयू की टीम ने मौके पर पहुंच गए। पुलिस गाड़ी को देखकर दोनों भागने लगे। पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए कार सहित चकरभाठा निवासी चंद्रेश बलेचा पिता श्रीपाल बलेचा 29 साल, महेश वर्मा पिता शंभु वर्मा 21 साल को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 26.5 ग्राम एमडीएमए मिला। पूछताछ करने पर दोनों युवक ने बिक्री करने के लिए एमडीएमए रखना बताया। पकड़े गए आरोपियों ने एक आरोपी ट्रांसपोर्टर का काम करता है। वह पंजाब से एमडीएमए लाकर शहर में खपा रहा था। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के



तहत दोनों को गिरफ्तार कर एमडीएमए व कार जब्त कर लिया है।

### लगातार हो रही ड्रग्स पर कार्रवाई

पिछले दिनों रेलवे स्टेशन के पास पंजाब के दो तस्कर व मुंगेली के 3 खरीददारों को पकड़कर दूध बाटल में ड्रग्स पकड़ा गया था। उसके पहले भी रेलवे स्टेशन से दो तस्कर, चकरभाठा में दो व सिविल लाइन में उसलापुर स्टेशन से दो तस्करों को पकड़कर ड्रग्स बरामद किया गया था। सभी मामलों में पंजाब से ड्रग्स लाने की बात सामने आई थी। पंजाब के तस्कर बिलासपुर को उड़ता पंजाब बनाने में लगे हुए हैं।

# पुरखों से प्राप्त सांस्कृतिक संपदा नष्ट करने के लिए नहीं बल्कि संभालकर आगे बढ़ाने के लिए मिली: मिश्रा

- सीवी रमन विश्वविद्यालय में 'संजोही' धरोहर झरोखे के साथ संग्रहालय दिवस का आयोजन

**बिलासपुर।** कोटा स्थित सीवी रमन विश्वविद्यालय में 18 मई को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया गया। जहाँ "संजोही" नामक एक धरोहर-झरोखे का विकास किया गया है। इस अवसर पर वरिष्ठ संग्रहालय विज्ञानी अशोक तिवारी ने कहा कि संग्रहालय केवल आकर्षक और मनोरंजक वस्तुओं को देखने-निहारने के स्थल नहीं होते, बल्कि वे ऐसे जीवंत सांस्कृतिक संस्थान हैं जो संस्कृतियों की जीवन्तता, सार्थकता और उपयोगिता को प्रमाणित तथा दिग्दर्शित करते हैं। उनके माध्यम से मानव समाज की मूर्त एवं अमूर्त दोनों प्रकार की धरोहरों का संरक्षण संभव हो पाता है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष संग्रहालय दिवस का विषय है, "विभाजित होती दुनिया को जोड़ने में संग्रहालयों की भूमिका। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ मूर्त और अमूर्त धरोहरों की एक अनंत श्रृंखला से समृद्ध प्रदेश है। यहाँ के राजप्रासाद, मंदिर, ऐतिहासिक संरचनाएँ और स्थापत्य परम्पराएँ जहाँ शिल्प, धर्म, ज्ञान और अनुष्ठान की उत्कृष्टता को अभिव्यक्त करती हैं, वहीं सुवा, ददरिया, गौरा, रहस तथा पंडवानी जैसी लोककलाएँ छत्तीसगढ़ की जीवंत सांस्कृतिक आत्मा को हमारे सामने प्रस्तुत करती हैं। हमें यह स्मरण रखना चाहिए कि पुरखों से प्राप्त यह सांस्कृतिक संपदा नष्ट करने के लिए नहीं, बल्कि संभालकर आगे बढ़ाने के लिए मिली है। वरिष्ठ अभियंता एवं सांस्कृतिक पुराविद् शेष नारायण शुक्ल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रही है। श्री शुक्ल ने कहा कि यहाँ की लोकसंस्कृति, लोकाचार और परम्पराओं में जीवन की सहजता, सौंदर्य और मानवीयता के वे सूत्र छिपे हैं, जिनसे मनुष्य स्वयं को और समाज को बेहतर ढंग से समझ सकता है। उन्होंने कहा कि हमारा दायित्व है कि संग्रहालयों तथा अन्य सांस्कृतिक संस्थानों के माध्यम से इसे बिना किसी विकृति, घालमेल या कृत्रिमता के उसके वास्तविक और शुद्ध स्वरूप में संरक्षित रखा जाए।




### भावी पीढ़ी को हम अपनी संस्कृति से परिचित करा सकेंगे: कुलपति

कार्यक्रम के अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि किसी भी संस्कृति सभ्यता पर हम गर्व तभी कर सकते हैं जब उसके इतिहास उसके महत्व को जानेंगे और वास्तव में संग्रहालय ही ऐसा स्थान है जहां से हम किसी भी संस्कृति धरोहर सभ्यता को जानकर उसे पर गर्व कर सकते हैं इसलिए इनका समृद्ध होना बहुत ही जरूरी है ताकि भावी पीढ़ी को हम अपने देश की संस्कृति सभ्यता के वास्तविक और मूल रूप से परिचित करा सकें।

### यह संग्रहालय परीक्षार्थियों के लिए उपयोगी साबित हो रहा: कुलसचिव

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा कि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय का यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति साहित्य लोक कौशल ग्रामीण जीवन शैली मिट्टी के घरों के और छत्तीसगढ़ की परंपराओं को दिखाने के लिए एक तरह का ज्ञान केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह संग्रहालय विशेष रूप से छत्तीसगढ़ पीएससी की तैयारी करने वाले परीक्षार्थियों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रहा है। यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ की समृद्ध इतिहास, संस्कृति, पुरातत्व और जनजातीय विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया था और आज भी राज्य का प्रमुख एवं सबसे पुराना संग्रहालय माना जाता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में "संजोही" का विस्तार कर छत्तीसगढ़ की समग्र संस्कृति और लोकधरोहर को और अधिक व्यापक आयामों में प्रस्तुत किया जा सकेगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ अनुपम तिवारी एवं आभार प्रकट डॉ अभिषेक पाठक ने किया।

# मार्क हॉस्पिटल में किडनी कैंसर की सफल सर्जरी

**बिलासपुर।** मार्क हॉस्पिटल में एक 60 वर्षीय पुरुष मरीज का जटिल किडनी कैंसर ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। मरीज पेशाब में खून आने की शिकायत लेकर अस्पताल पहुँचा था। जांच एवं आधुनिक रेडियोलॉजिकल मूल्यांकन के दौरान मरीज की किडनी में एक बड़ा ट्यूमर पाया गया, जो किडनी कैंसर की ओर संकेत कर रहा था। मरीज की स्थिति को गंभीरता से देखते हुए मार्क हॉस्पिटल की अनुभवी यूरोलॉजी टीम द्वारा सफल सर्जरी की गई।

यह ऑपरेशन तकनीकी रूप से काफी जटिल था, क्योंकि ट्यूमर का आकार बड़ा होने के साथ-साथ आसपास की संरचनाओं पर भी प्रभाव पड़ रहा था। सर्जरी के दौरान विशेषज्ञ टीम ने अत्यंत सावधानी एवं आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए ट्यूमर को सफलतापूर्वक निकाला। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति




हेल्थ प्लस

लगातार बेहतर रही एवं उचित निगरानी एवं देखभाल के पश्चात उन्हें स्वस्थ अवस्था में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। मार्क हॉस्पिटल बिलासपुर का एक प्रतिष्ठित 100 बिस्तरों वाला मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल है, जो यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी सेवाओं के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। अस्पताल में आधुनिक डायलिसिस सुविधाएँ, एंडोयूरोलॉजी, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी एवं किडनी रोगों के उन्नत उपचार उपलब्ध हैं।

विशेष बात यह है कि मार्क हॉस्पिटल छत्तीसगढ़ के निजी क्षेत्र के चुनिंदा संस्थानों में से एक है, जहाँ डीएनबी सुपरस्पेशियलिटी प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हो रहा है। यह उपलब्धि अस्पताल की उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाओं, गुणवत्ता मानकों एवं अकादमिक उत्कृष्टता को दर्शाती है। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं आधुनिक चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। अस्पताल की विशेषज्ञ टीम लगातार जटिल सर्जरी एवं गंभीर रोगों के सफल उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 20 मई 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





वेकैंसी

## सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल के 9175 पदों पर आवेदन आज से होंगे शुरू

**बिलासपुर।** सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स में कॉन्स्टेबल (टेक्निकल/ ट्रेड्समैन/ पायनियर- मेल/ फीमेल) के 9175 रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती चल रही है। भर्ती में शामिल होने के लिए आवेदन की लास्ट डेट 19 मई 2026 निर्धारित है। ऐसे में जो भी युवा सीआरपीएफ में शामिल होने का सपना देख रहे हैं वे इस भर्ती में शामिल होने के लिए बिना देरी करते हुए तुरंत ही आवेदन कर लें। आज के बाद एप्लीकेशन विंडो क्लोज कर दी जाएगी। अगर फॉर्म



भरने में किसी प्रकार की गलती हो गई है तो ऐसे उम्मीदवार 21 से लेकर 23 मई 2026 तक आवेदन पत्र में संशोधन कर सकेंगे। इस भर्ती में शामिल होने के लिए एप्लीकेशन फॉर्म केवल ऑनलाइन माध्यम से सीआरपीएफ की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर भरा जा सकता है। आपकी सहूलियत के लिए इस पेज पर भी आवेदन का लिंक एवं स्टेप्स उपलब्ध करवाई जा रही हैं जिनको फॉलो करके आसानी से आवेदन किया जा सकता है। इस भर्ती में आवेदन पत्र भरने के साथ जनरल, ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को फीस के रूप में 100 रुपये जमा करना होगा। एससी, एसटी वर्ग से आने वाले अभ्यर्थी भर्ती में शामिल होने के लिए निशुल्क फॉर्म भर सकते हैं। सीआरपीएफ कॉन्स्टेबल भर्ती में शामिल होने के लिए उम्मीदवार का मान्यता प्राप्त बोर्ड/ संस्था से मैट्रिकुलेशन (10th) उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसके साथ ही पद के अनुसार उम्मीदवार के पास संबंधित ट्रेड में अनुभव/ ITI सर्टिफिकेट/ हैवी ट्रांसपोर्ट वेहिकल ड्राइविंग लाइसेंस आदि होना चाहिए। 1 जनवरी 2026 को ध्यान में रखते हुए उम्मीदवार की आयु कॉन्स्टेबल ड्राइवर पद के लिए 21 से 27 वर्ष और अन्य सभी पदों के लिए 18 से 23 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को उम्र में नियमानुसार छूट मिलेगी।

कार्यक्रम

## शहर के युवा ने जम्मू-कश्मीर यंग लीडर डायलॉग का किया प्रतिनिधित्व



**बिलासपुर।** प्रतिष्ठित जम्मू-कश्मीर यंग लीडर डायलॉग एण्ड यूथ आरोहण 2026 कार्यक्रम के लिए चयनित शहर के युवा प्रतिभागी आयुष सिंह राजपूत पिता विजय सिंह राजपूत ने इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम के दौरान आयुष सिंह ने जम्मू-कश्मीर में शांति, स्थिरता और युवा नेतृत्व : एक नई कहानी का निर्माण विषय पर अपने विचार रखे। उनकी प्रस्तुति को प्रतिभागियों एवं आयोजकों की ओर से भारी सराहना मिली। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मेडल, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन 11 से 14 मई तक श्रीनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर के युवाओं को नेतृत्व, शांति एवं राष्ट्र निर्माण के विषयों पर एक साझा मंच प्रदान करना था। आयुष की इस उपलब्धि से बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। युवाओं के लिए यह उपलब्धि प्रेरणादायी मानी जा रही है। माना जा रहा है कि सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रहित के प्रति समर्पण से युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। उल्लेखनीय है कि पूर्व में आयुष का चयन विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग भारत मंडपम दिल्ली के लिए हुआ था।

आयोजन

## बंगाली प्रीमियर लीग क्रिकेट महोत्सव के लिए टीम गठित



**बिलासपुर।** बंगाली प्रीमियर लीग 2026 क्रिकेट मैच का भव्य आयोजन 4 जून से किया जा रहा है। इसके लिए सोमवार को मेगा ऑक्शन में सभी खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूरी की गई और टीम का गठन किया गया। यह बिलासपुर में पहली बार क्रिकेट का सबसे बड़ा महोत्सव बीबीपीएल 2026 सीजन-1 का शानदार तरीके से नेशनल लीग मैच के मापदंडों पर हो रहा है। आयोजकों ने बताया कि यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि बंगाली क्रिकेट संस्कृति का गर्व है। जहां जोश, जुनून और प्रतिभा का एक साथ संगम देखने को मिलेगा। उक्त आयोजन में नेशनल लेवल के कॉमेंट्रेक्टर एवं रेफरी की टीम भी अपनी सहभागिता निभाएंगे। टूर्नामेंट 4 से 7 जून तक मिनी स्टेडियम गांधी चौक बिलासपुर में प्रतिदिन शाम 6 बजे से आयोजित होगा। इस लीग में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जहां 15 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। यह आयोजन क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक विशेष यादगार अनुभव बनने वाला है। जहां 15 रोमांचक मुकाबले में धुरंधर योद्धा खिलाड़ी विभिन्न टीमों के माध्यम से अपना जौहर दिखाएंगे। बंगाली प्रीमियर लीग मैच के आयोजन के लिए कमेटी मेंबर के प्रमुख सदस्य बीसी गोलदार, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, देबाशीष घोष, रिंकू मित्रा, सुमिता दासगुप्ता, अनिता गोलदार होंगे। जिनका लीग मैच के दौरान निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

# नौनिहालों के लिए अभिभावक ढूंढ रहे यूनिक स्टेशनरी कलेक्शन

## पानी बॉटल, टिफिन बॉक्स, मैजिक बुक्स, बैग, कम्पास, यूनिफार्म जैसे जरूरी सामान की खरीदारी शुरू



गर्मी की छुट्टियों के चलते स्कूल खुलने में फिलहाल देर है, लेकिन पैरेंट्स अभी से ही पहली बार नर्सरी कक्षा में जाने वाले बच्चों के लिए यूनिक स्टेशनरी कलेक्शन ढूंढना शुरू कर दिए हैं। इसमें पानी बॉटल, टिफिन बॉक्स, मैजिक बुक्स, वाटर कलर्स, कलर पेंसिल, बॉल पेन, बैग, कंपास बॉक्स आदि जरूरी स्टेशनरी के सामान शामिल हैं। गौरतलब है कि छोटे बच्चों को डोरेमोन, मिकी माऊस, स्पाइडरमैन, कार्टून, जंगली जानवर आदि प्रिंट वाले स्कूली गैजेट्स काफी पसंद आते हैं।

**बिलासपुर।** पैरेंट्स बच्चों के पसंद के साथ-साथ उनके लिए कम्फर्ट स्टेशनरी का कलेक्शन करना चाहते हैं। शहर के गोलबाजार, सदरबाजार रोड स्थित स्टेशनरी शॉप में खासकर बच्चों के इंट्रेस्ट का अच्छा खासा कलेक्शन नजर आ रहा है। पैरेंट्स भी बच्चों के लिए स्टेशनरी खरीदने पहुंच रहे हैं। शहर के स्टेशनरी विक्रेता ने बताया कि इस बार भी सभी किस्म की यूनिक स्टेशनरी उपलब्ध है, गर्ल्स, ब्वॉयज दोनों के हिसाब से स्पेशली नर्सरी फर्स्ट के बच्चों के लिए बजट में कार्टून प्रिंटेड, कम्फर्ट स्टेशनरी गैजेट्स उपलब्ध हैं।

### कार्टून कैरेक्टर्स प्रिंटेड स्कूली गैजेट्स पहली पसंद





### बच्चों को भा रही रैबिटपांडा वाटर बॉटल

हल्की होने के साथ-साथ पानी को सामान्य तौर पर कूल रख सके, ऐसे में इस सीजन में रैबिट व पांडा की डिजाइन वाली 800 से 900 एमएल की प्रिंटेडे स्टेनलेस सहित अच्छी क्वालिटी की प्लास्टिक वाटर बॉटल बच्चों के लिए स्टेशनरी शॉप पर उपलब्ध है। इसके अलावा स्पाइडरमैन, आयरमैन, बेबी डॉल, प्रिंसेस प्रिंट, लेडी सुपरहीरो, एनिमल्स प्रिंट में मगरमच्छ, डॉल्फिन बच्चों के आकर्षित करते हुए प्रिंटेड पानी बॉटल 100 से 150 रुपए तक की रेंज में मिल रही हैं।

### 10 इन वन फन ब्लास्ट बॉल पेन

बच्चों के लिए वाटर कलर बॉक्स सेट के अलावा 10 इन वन फन ब्लास्ट नाम से बॉल पेन भी आई हुई है। वाटर कलर्स व कलर बॉल पेन, कलर पेंसिल बच्चों के सबसे पसंद व उपयोगी स्कूली सामान में से एक है। स्पाइडरमैन, कैप्टन अमेरिका, हल्क, बार्बी गर्ल प्रिंट वाले कंपास बॉक्स, पेंसिल, स्लेट, पहाड़ा, रेजर्स का कलेक्शन आया है।

### कल्पना को पंख देती मैजिक बुक्स

बात करें ड्राइंग बुक व मैजिक बुक्स की तो एनिमल्स, फ्रूट्स, वेजिटेबल्स के की चित्र बने हुए हैं। मैजिक बुक्स व अन्य आकर्षक ड्राइंग बुक्स बच्चों को खेल-खेल में सीखने व नेचर को पहचानने में काफी मददगार होते हैं। मैजिक बुक्स में शेर, जिराफ, बंदर, हाथी जैसे जानवरों, आम, अंगूर, अनार, फूल गोभी, टमाटर आदि के बने चित्रों को वाटर पेन से स्क्रेच कर बच्चे रोमांचित हो रहे।

### सुपरहीरो, बेनटेन टिफिन बॉक्स

किड्स टिफिन बॉक्स कलेक्शन में इस बार नया सुपरहीरो बेनटेन एंड एमसन के कार्टून प्रिंट के स्टेनलेस हेल्दी टिफिन बॉक्स पहुंचे हैं। बच्चों के पसंद के अनुरूप पर्याप्त स्पेस वाले ये टिफिन बॉक्स 200 से 400 रुपए तक की रेंज में उपलब्ध हैं, जिसमें फ्रूट्स, रोटी, सब्जियों के लिए अलग-अलग पार्ट बने हुए हैं। टिफिन बॉक्स स्कूली बच्चों के स्कूल किट में सबसे महत्व का चीज है, पैरेंट्स उसी के हिसाब से टिफिन बॉक्स को एड कर रहे हैं, ताकि वे जो फूड्स टिफिन में डालें, वह फ्रेश रहें।

कोन्हेर गार्डन में एयू का चल रहा दस दिवसीय योग शिविर

# योग सलाहकार ने कराया सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम का अभ्यास

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 10 दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया गया है। कोन्हेर गार्डन में चल रहे इस शिविर में योग सलाहकार डॉ सत्यम तिवारी के निर्देशन में सूक्ष्म व्यायाम, भुजंगासन, तिर्यक ताड़ासन, सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इन योग क्रियाओं का प्रदर्शन पी.जी. डिप्लोमा योग साइंस की छात्रा नीलम व कामिनी ने किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कंसलटेंट पब्लिक रिलेशंस प्रकोष्ठ की विशेष उपस्थिति में विभाग द्वारा मानव चेतना, आत्मपरक अनुभूति तथा उसके भीतर विद्यमान द्वैतात्मक संरचना पर आधारित एक विशेष सूक्ष्म अवलोकन रिपोर्ट भी रेखांकित की गई। योग के व्यवहारिक पक्ष एवं उसके संज्ञानात्मक प्रभावों की भी गहन चर्चा की गई।

अवलोकन में यह पाया गया कि मानव चेतना के भीतर एक निरंतर सक्रिय आंतरिक संरचना विद्यमान है, जो हमारे विचार-प्रवाह और भावनात्मक प्रतिक्रिया को प्रभावित करता है। योग के माध्यम से इस आंतरिक तनावपूर्ण स्थिति को एक स्थिर, संतुलित और प्रवाहमान अवस्था में बदला जा सकता है। नेशनल अवार्ड प्राप्त हास्य योग विशेषज्ञ प्रहलाद जोशी ने हास्यासन का अभ्यास कराया। हरियर ऑक्सीज़ोन के संयोजक भुवन वर्मा एवं उनकी पूरी टीम ने शिविर को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाई।



### योग एक समग्र जीवन पद्धति

योग विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरव साहू ने योग को परिभाषित करते हुए कहा कि यह व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से संतुलित बनाता है। उन्होंने सभी नागरिकों से नियमित योगाभ्यास को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। प्राकृतिक चिकित्सा सलाहकार सोनाली भद्रा ने प्राकृतिक जीवन शैली एवं योग के समन्वय की जानकारी दी।



### विद्यार्थी दे रहे नि:शुल्क प्रशिक्षण

मुख्य अतिथि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ तारणीश गौतम ने बताया कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी जन-जन तक योग की भावना पहुंचाने हेतु प्रतिदिन विभिन्न उद्यानों में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। यह विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम का एक व्यावहारिक हिस्सा है। जिसके माध्यम से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता का विस्तार किया जा रहा है।

### इनकी उपस्थिति

शिविर में योग विज्ञान विभाग के विद्यार्थी हरीश, चमेली, नीलम, काशीराम, उमेद सिंह, ममता, कामिनी, करुणा, पुष्पा, जयश्री, निमिष, शिवानी, केशवी एवं शना सहित अन्य विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।



## लक्ष्मीनारायण मंदिर में पुरुषोत्तम मास पर चल रहा विशेष अनुष्ठान

**बिलासपुर।** प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर प्रतिदिन भगवान श्री लक्ष्मी नारायण का 108 पुरुष सूक्त, श्रीसूक्त से अभिषेक एवं 1008 नामों से भगवान का सहस्त्राचन का दिव्य अनुष्ठान किया जा रहा है।

- प्रतिदिन हो रहा श्रीसूक्त से अभिषेक, 1008 नामों से सहस्त्राचन

लक्ष्मीनारायण मंदिर के पुजारी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास जब ज्येष्ठ मास में आता है तब भगवान श्री हरि के अभिषेक का विशेष महत्व शास्त्रों में बताया गया है। इससे अभिष्ट सिद्धि मनोकामना की पूर्ति होती है। पुरूषोत्तम मास में भगवान को 1008 नामों से सहस्त्रार्चन करने से विशेष वैभव एवं संपत्ति की प्राप्ति होती है। पुरुषोत्तम मास में भगवान को मालपुए का भोग लगाने से 84 लाख योनियों के चक्र से मुक्ति की प्राप्ति हो जाती है। यही वजह है कि लक्ष्मीनारायण मंदिर यह आयोजन किया जा रहा है। मंदिर में पूरे महीने भर चलने वाले इस दिव्य अनुष्ठान में भक्तजन भाग लेकर अक्षय पुण्य को प्राप्त कर रहे हैं। प्रातः दिव्य 108 श्रीसुक्त व पुरुषसूक्त से अभिषेक, शाम को भगवान का 1008 नामों से सहस्त्रार्चन कर सहस्त्रछीद्रीय मालपुआ के विशेष भोग लगाए जा रहे हैं।

स्पोर्टर्स न्यूज

श्रीलंका में डेफ़ टी 20 मैच खेलेंगी, सामान्य लड़कियों साथ क्रिकेट खेल रहीं

# दिव्यांग श्रद्धा ने नेशनल क्रिकेट टीम में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भगवान हर किसी के अंदर एक प्रतिभा जरूर देता है,और यही हुनर को निखारकर जो आगे बढ जाए वह जीवन में सफल हो जाता है।शहर की ऐसी ही महिला खिलाड़ी श्रद्धा वैष्णव जो जन्म से सुन-बोल नहीं सकतीं मगर उनके हौसले इतने बुलंद कि क्रिकेट देखकर खेलना शुरू किया और आज वे अंतराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी बन गई हैं।

इनके पिता रमेश वैष्णव ने बताया कि वे बाएं हाथ की तेज गेंदबाज है। 10 साल से सामान्य महिला क्रिकेट टीम में खेल रही हैं। वे किसी राज्य की क्रिकेट टीम में खेलने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी रही हैं। वे लगातार 3 बार स्कूल नेशनल में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वर्तमान में घरेलू क्रिकेट के मैचों में अपने ग्रुप की टीम में लड़कों के बीच मुख्य गेंदबाज हैं। करियर में अब तक 70 से अधिक विकेट ले चुकी हैं। श्रद्धा की कहानी संघर्ष, मेहनत और जुनून की मिसाल है। श्रद्धा ने कभी अपनी कमजोरी को अपने सपनों के बीच नहीं आने दिया। वर्तमान में वह आवासीय विद्यालय बिलासपुर में पढ़ाई कर रही हैं।

बता दें कि क्रिकेट की शुरुआत भी बेहद सामान्य तरीके से हुई। गर्मी की छुट्टियों में जब वह घर आती थीं, तब रेलवे ग्राउंड सेकरसा में आयोजित समर क्रिकेट कैंप में उनके छोटे भाई ओम वैष्णव ने क्रिकेट सीखने के लिए प्रवेश लिया। भाई को क्रिकेट सीखता देखकर श्रद्धा ने भी कैंप जॉइन करने की इच्छा जताई और वहीं से उनके क्रिकेट सफर की शुरुआत हुई।



### श्रीलंका में खेलेगी मैच

प्रतिभाशाली महिला क्रिकेटर श्रद्धा वैष्णव का चयन भारतीय महिला डेफ क्रिकेट टीम में हुआ है। भारतीय डेफ क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जारी टीम सूची में छत्तीसगढ़ से चयनित होने वाली खिलाड़ियों में श्रद्धा वैष्णव का नाम शामिल है। वह आगामी जुलाई में श्रीलंका के खिलाफ आयोजित होने वाली पांच मैचों की महिला डेफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

### पिता और क्रिकेट संघ ने बढ़ाया हौसला

धीरे-धीरे श्रद्धा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से सभी का ध्यान आकर्षित किया। शुरुआत में कोच और साथी खिलाड़ियों को उनसे संवाद करने में कठिनाई होती थी, लेकिन इशारों की भाषा और खेल के प्रति उनके समर्पण ने हर चुनौती को आसान बना दिया। आज वह अपनी बेहतरीन लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी के दम पर भारतीय टीम तक पहुंच चुकी हैं। श्रद्धा पिछले कई वर्षों से नियमित रूप से क्रिकेट खेल रही हैं और स्कूल स्तर से लेकर राज्य स्तर तक उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी हैं। क्रिकेट के प्रति उनके जुनून और अनुशासन ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। श्रद्धा वैष्णव की इस उपलब्धि में बिलासपुर क्रिकेट संघ और छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग भी लगातार मिलता रहा। परिवार, कोच और क्रिकेट संघ के प्रोत्साहन ने उनके आत्मविश्वास को मजबूत किया और आज वह देश के लिए खेल रही हैं।

## माहिला के साथ गाली-गलौज, मारपीट

**तखतपुर।** टोनही कहते हुए महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ढनढन निवासी कदम बाई महादेवा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि, गांव का ही आरोपी देवेंद्र बघेल और उसकी मां सुमित्रा बाई ने जादू-टोना करने का आरोप लगाते हुए उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

## सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता

**मुंगेली।** सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज ने बताया कि, ग्राम नवापारा निवासी सुमन बांधड़े का रायपुर रोड बायपास के पास सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि, तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर मृतक की पत्नी रामकली बांधड़े को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

## निधन

### आशा शील



**बिलासपुर।** रेलवे हेमू नगर गुडाखू फैक्ट्री के सामने रहने वाली सेंट जेवियर स्कूल की खेल शिक्षिका आशा शील का मेघालय चेरापूंजी में आज निधन हो गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई है।

### शंकुतला वाशिंग



**बिलासपुर।** बाजपेई केसल निवासी शंकुतला वाशिंग का 19 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. राजा भाऊ वाशिंग की पत्नी और सुधाकर,जय श्री, वीना की माता थीं।

### पुनेराम कौशिक



**बिलासपुर।** चकरभाठा चिचीरदा निवासी पुनेराम कौशिक का निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे धन्नू कौशिक के पिता थे।

### शर्मिला पाल



**बिलासपुर।** वैशाली नगर फेस वन के 1 डी निवासी शर्मिला पाल का 19 मई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे गौतम पाल की पत्नी थीं।

### किसानों को हुई भारी आर्थिक क्षति

# 50 एकड़ की फसल मवेशियों के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



ग्राम बघर्रा में बेमौसम बारिश ने जमकर क्षति पहुंचाई है। 50 एकड़ धान की फसल में तेज आंधी-तूफान, बारिश व ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई। स्थिति यह है कि, दस किसानों ने धान की फसल बर्बाद होने के बाद मवेशियों के लिए छोड़ दी। क्षेत्र में आंधी-तूफान का असर इतना भयंकर रहा कि दर्जनों पेड़ उखड़कर धराशायी हो गए। वनक्षेत्र से सटे ग्राम बघर्रा में 50 एकड़ की धान की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि, तेज आंधी इतना जबरस्त असर रहा कि दर्जनों गांव के विशालकाय पेड़ धराशायी हो गए।

गौतम पिता समेलाल, भारत पिता मोहन, विजय पिता मोहन, बुधराम पिता गरीबा राम, नारद सिंह पिता मुकतूराम, पिताम्बर सिंह पिता सम्भू सिह, रामधुन पिता बुधराम, नंदलाल पिता कलेसर, उमेदी पिता कलेसर, नरेश पिता पुनाराम ध्रुव आदि सभी किसानों ने धान की बाली नष्ट होने से फसलों मवेशियों को हवाले कर दिया। किसानों ने कहा कि, इससे उनको भारी आर्थिक क्षति हुई है। किसानों ने शासन से क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की गुहार लगाई है। एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि गांव में फसल नुकसान की जांच कराने के बाद कार्यवाही होगी।

**फसल नहीं लगाने की अपील**

कृषि विभाग के एसडीओ ने धनंजय कुर्रे ने बताया कि, ग्रीष्मकालीन धान के फसलों में क्षतिपूर्ति लाभ नहीं मिलता है। किसानों को गर्मियों में धान की फसल नहीं लगाने अपील की गई।

-धनंजय कुर्र, एसडीओ कृषि विभाग

# आज बंद रहेंगी दवा दुकानें, आपातकाल के लिए अलर्ट

## जन औषधि व सरकारी मेडिकल स्टोर खुले रहेंगे



**मल्हार।** ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध सहित विभिन्न मांगों को लेकर देशभर के केमिस्ट एवं दवा वितरकों के राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा बुधवार 20 मई को एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का आह्वान किया गया है। इस बंद के समर्थन में जिले के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संघ द्वारा भी मेडिकल स्टोर बंद रखने की अग्रिम सूचना प्रशासन को दी गई है। जिला बिलासपुर में इस संभावित स्थिति को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने आम नागरिकों की सुविधा और स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने के लिए व्यापक व्यवस्था की है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि, बंद के दौरान आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सक्रिय रहेगी। विभाग द्वारा जारी अपील के अनुसार, किसी भी आपातकालीन स्थिति में नागरिक ब्लॉक स्तर पर जारी संपर्क सूची के माध्यम से संबंधित मेडिकल स्टोर या अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगे और डॉक्टर की पर्ची के आधार पर आवश्यक दवाएं प्राप्त कर पाएंगे। इसके लिए सहायक औषधि नियंत्रक, औषधि निरीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक किए गए हैं, ताकि जरूरतमंदों को तुरंत सहायता मिल सके। औषधीय प्रशासन विभाग ने यह भी सुनिश्चित किया है कि, जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, धन्वंतरि जेनेरिक मेडिकल स्टोर तथा रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित मेडिकल स्टोर 20 मई को खुले रहेंगे। इन केंद्रों से आम नागरिकों को सस्ती एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि, घबराएं नहीं और आवश्यक होने पर ही दवाएं खरीदें। किसी भी असुविधा की स्थिति में जारी हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें। जिला प्रशासन का कहना है कि, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित न हों, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# शिक्षक ने 1 माह में बनाए डेढ़ लाख सीड बॉल



■ पर्यावरण संरक्षण की अनोखी मिसाल

**बिल्हा।** आज जहां पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और कंक्रीट के बढ़ते जंगलों से चिंतित है, वहीं छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से पर्यावरण संरक्षण की एक बेहद अनोखी और मिसाल कायम करने वाली खबर सामने आई है।

जनपद प्राथमिक शाला बिल्हा के शासकीय शिक्षक कलेश्वर साहू ने अकेले ही महज एक महीने की कड़ी मेहनत से 1 लाख 52 हजार 'सीड बॉल' तैयार किए हैं। व्यक्तिगत स्तर पर एक ही सत्र में इतनी बड़ी संख्या में सीड बॉल बनाने वाले वे छत्तीसगढ़ के पहले शिक्षक बन गए हैं। शिक्षक कलेश्वर साहू को इस नवोन्मेषी कार्य की प्रेरणा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई में मार्च 2025 में आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार प्रशिक्षण के दौरान मिली थी। समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में आयोजित इस प्रशिक्षण में राज्य कार्यालय के प्रशिक्षण प्रभारी के मार्गदर्शन से प्रेरित होकर उन्होंने 20 अप्रैल 2026 से इस पर काम शुरू किया और दृढ़ संकल्प के साथ महज एक माह में इस विशाल लक्ष्य को हासिल कर दिखाया। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि, इसमें स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कलेश्वर साहू ने अपने परिवार के सहयोग से स्थानीय लोगों के माध्यम से बड़ी मात्रा में मिट्टी, गोबर और विभिन्न प्रकार के बीज एकत्र किए। इन बीजों में मुख्य रूप से इमली, चार, तेंदू, गंगा इमली, सतावर, नीम, अमरूद और गुलमोहर जैसी स्थानीय प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई है, जो क्षेत्र की जलवायु के अनुकूल हैं। सीड बॉल तकनीक के तहत बीजों को मिट्टी और गोबर के विशेष मिश्रण में लपेटकर छोटी गेंदों का आकार दिया जाता है। यह आवरण बीजों को तेज धूप, अत्यधिक बारिश, पक्षियों और जानवरों से सुरक्षित रखता है। केन्या जैसे देशों और पहाड़ी क्षेत्रों में अत्यधिक लोकप्रिय इस तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह है कि, इसके जरिए बेहद कम समय में एक बड़े और दुर्गम इलाके में पौधरोपण किया जा सकता है।

# पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी के विरोध में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



जिले में पेट्रोल एवं डीजल और रसोई गैस में बढ़ती हुई कीमत व संकट सहित ईंधन की अनुपलब्धता व बढ़ती हुई महंगाई के विरोध में बेलतरा विधानसभा के कांग्रेस जनों ने धरना प्रदर्शन देकर नारेबाजी की।

पूर्व ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष व बेलतरा विधानसभा विधायक प्रत्याशी रहे विजय केशरवानी की अगुवाई में आम जनता से सीधा संवाद किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पौसरा स्थित पेट्रोल पम्प व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतनपुर ग्रामीण प्रभंजन बैसवाडे के नेतृत्व में जाली पेट्रोल पम्प में केंद्र सरकार के विरोध में धरना और प्रदर्शन किया गया। विजय केशरवानी ने कहा कि महंगाई से पूरे देश में हाहाकार मचा है। बीजेपी सरकार की गलत नीतियों के कारण देश एवं प्रदेश में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस, कमर्शियल गैस, खाद्य सामग्री, सराफा की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। आवश्यक वस्तुओं के दाम लगातार बढ़ते जा रहे है, जिससे जनता में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। इस मौके पर राजेंद्र साहू, अनिल यादव, शीतल दस महंत, कुशल वर्मा, मदन पांडे, साखन दर्वे, सुनील सोनकर, मनीष गदेवाल, रवि बघेल, रूप नारायण बच्छ, संतोष गर्ग, मनीष सेंगर, सुजीत यादव, कुंवर सिंह धुरी, मनीष सिसोदिया, अंजू सोनी, अर्चना सूर्यवंशी, दादू शिकारी, तामेश्वर सिंह, चंद्रप्रकाश केसरवानी, गुहरामपु, बुधराम पटेल, सुनील मरकाम, सोनू साहू, इंद्र कुमार, संतोष सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आर्ट ऑफ लिविंग का सुदर्शन क्रिया व ध्यान सत्र



**बोदरी।** रामा वैली में 'आर्ट ऑफ लिविंग' संस्था की ओर से आयोजित सुदर्शन क्रिया एवं ध्यान सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर योग, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान 'आर्ट ऑफ लिविंग' के प्रशिक्षकों ने सुदर्शन क्रिया के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि, नियमित रूप से श्वास तकनीकों और ध्यान का अभ्यास करने से व्यक्ति मानसिक तनाव, चिंता और नकारात्मक विचारों से दूर रह सकता है। साथ ही इससे आत्मविश्वास, एकाग्रता और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। कार्यक्रम में मौजूद जय रजक ने कहा कि, आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य और मानसिक शांति के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। ऐसे में सुदर्शन क्रिया लोगों को स्वयं के लिए समय देने और जीवन में संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि, नियमित ध्यान और योग करने से मन शांत रहता है तथा व्यक्ति अपने कार्यों को अधिक सकारात्मकता के साथ कर पाता है। कार्यक्रम में शामिल अन्य लोगों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सुदर्शन क्रिया के अभ्यास से उन्हें मानसिक शांति और तनाव से राहत महसूस हुई। अंत में सभी को नियमित योग एवं ध्यान करने का संदेश दिया गया।

# उत्साह के साथ मना हरनाचाका सरपंच का जन्मदिन



**लालपुर।** हरनाचाका ग्राम पंचायत के सरपंच नारायण सिंह राजपूत का जन्मदिवस उत्साह, भव्यता और जनसहभागिता के साथ मनाया गया। इस मौके पर पूरे ग्राम में उत्सव जैसा वातावरण देखने को मिला, जहां समर्थकों, ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने जन्मोत्सव को ऐतिहासिक और यादगार स्वरूप प्रदान किया। जन्मदिवस के अवसर पर सरपंच नारायण सिंह राजपूत अपने परिवारजनों के साथ मां महामाया मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मां महामाया का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक, शुभचिंतक और ग्रामीण भी उपस्थित रहे तथा भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण निर्मित हुआ। पूजा-अर्चना के पश्चात कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया। पूरे आयोजन में ग्रामीणों का उत्साह और आत्मीयता देखते ही बन रही थी। आयोजन में अनेक सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, युवा साथी एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने सरपंच के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उन्हें शुभाशीष प्रदान किया।

# जमीन कब्जे को लेकर महिला के परिवार के साथ मारपीट

**मुंगेली।** मारपीट, जमीन कब्जा विवाद मामले में पुलिस ने 4 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। स्वामी विवेकानंद वार्ड निवासी प्रार्थिया लता गुप्ता ने थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उन्होंने घर में सेप्टिक टैंक निर्माण हेतु ईंट मंगाई थी। 14 मई को सुबह लगभग 10 बजे उनका पुत्र राजू मजदूर के साथ ईंट घर के अंदर ला रहा था तभी आंगन में संतोष गुप्ता, दिनेश गुप्ता सहित अन्य ने गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से मारपीट की। साथ ही बीच-बचाव करने पहुंची प्रार्थियां एवं उसकी पुत्री नेहा के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी आरोपियों ने दी। जानकारी के अनुसार आरोपियों ने उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने के उद्देश्य से मारपीट की। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने प्रकरण मे विवेचना के दौरान आरोपी अनावेदकगण संतोष गुप्ता पिता स्व नारायण उम्र 30 वर्ष, दिनेश गुप्ता उम्र 50 वर्ष, रमेश गुप्ता पिता स्व नारायण प्रसाद उम्र 47 वर्ष, अभिषेक गुप्ता उर्फ लक्की पिता संतोष उम्र 30 वर्ष सभी निवासी स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 10 मुंगेली को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर धारा 126(बी), 135(3) बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल खम्हरिया/सीपत तहसील सीपत जिला बिलासपुर छ.ग.**

**सीमांकन बाबत् सूचना**

क्र..../.../रा.नि./खम्हरिया/सीपत/202 दिनांक ..../..../....

प्रति,
1. मृदुभाषिणी पिता दुलेराम
2. प्रेमसागर
3. चंद्रप्रकाश
4. प्रसून गोस्वामी
5. जगत प्रकाश क्षत्री
6. राजेश कुमार डहरिया जी

विषयः- सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका मृदुभाषिणी पाटनवार पि. दुलेराम जा.... निवासी बिलासपुर तह. सीपत जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम पंधी प.ह.नं.18 रा.नि.मं. खम्हरिया/सीपत तहसील सीपत स्थित भूमि ख.नं.352 शा.न. 353, 354, 355, में से 2507 व.फु. / 232.992 व.मी. रकबा 0.0030 हे./एकड़ का आवेदनानुसार आवेदित भूमि के सीमांकन हेतु माननीय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार महोदय के ज्ञापन क्र. / तह. / ना.तह. / वाचक / 202 / सीपत दिनांक 02/04/26 के अनुसार ज्ञापन प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 12/06/26 को समय 11-02 बजे किया जाना है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः उक्त तिथि को आप अपने भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करें। इस भूमि से संलग्न प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से हितबद्ध व्यक्ति भी उक्त तिथि को अपने भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ समय पर स्थल पर रहना सुनिश्चित करें। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

टीप- अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि. खम्हरिया/सीपत**
**तहसील - सीपत**

**आम सूचना**

मेरे पक्षकार के द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार जैन पिता - स्व. कुशाल चन्द जैन, निवासी-ए.आर-7, होटल कोरब्रिज टावर के पास, दावडा कालोनी रायपुर के स्वामीत्व हक कि भूमि जो मौजा लोखंडी मन 2, राजस्व निरीक्षक मंडल पेण्डारी, जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नंबर 214/5 जिसका रकबा 0.1250 हेक्टेयर है को क्रय करने का पक्का सौदाकर बतौर एडवांस राशि प्रदान कर दिया गया है। जिसका निकट भविष्य में विक्रय पंजीयन होना है। अतः उक्त भूमि के क्रय-विक्रय के संबंध मे किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करावें बाद की गई आपत्ति विधिमान्य नही होगी तथा मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय पंजीयन करा दिया जाएगा। सो आम सूचना जानें।

**भवदीय**
**पंकज सिंह (अधिवक्ता)**
**उच्च न्यायालय, प्रगति विहार**
**बहतराई रोड, सरकंडा बिलासपुर**
**मो. नं. 9599300640**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा ग्राम खपरी प.ह.नं.27 रा.नि.मं. जरौंधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमति नैनसी मसीह उम्र 27 साल पति विपिन कुमार मसीह जाति इसाई निवासिनी खपरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपनी शादी विपिन कुमार मसीह पिता श्री सुभाष मसीह निवासी खपरी तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) से होने का हवाला देते हुये अपने आधार कार्ड नं.7128 5475 1615 में पूर्वानुसार दर्ज पिता का नाम शर्मा प्रवीण एवं पता 29-65/1 न्यू विद्या नगर कालोनी नियर ओल्ड पीएस, नेरटमेट, तिरुमलागिरी रामकृष्णा पुरम हैदराबाद तेलंगाना पिन कोड नं. 500056 को विलोपित कर वर्तमान में पति विपिन कुमार मसीह पता ग्राम खपरी पो. बेलसरी तहसील थाना तखतपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन नंबर 495330 दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**राजस्व मामले में नोटिस**

**मामले का विषय अपील**
**मामला क्र. 20250325020037/2501/ APL/अ-27/वर्ष 2025-26**
**ग्राम-मुंगेली,**
**तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)**
**इंद्रपाल वि. श्यामसुन्दर वगैरह**
**दावा**

**1. चोईथराम बजाज पिता जेठानन्द निवासी ग्राम कटोरा तालाब, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 2. मनीष कुमार पिता श्याम सुंदर निवासी एण्डूज वार्ड मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 29.05.2026 को दिन के 11:00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली पर होगी।**

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**मुंगेली (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं गोवर्धन प्रसाद तिवारी उम्र 66 वर्ष पिता श्री स्व. रामजी तिवारी निवासी ग्राम सेवार पो. सेवार तह. बोदरी वर्तमान निवासी वार्ड क्र. 8 झुलेलाल मंदिर के सामने, आम सूचना प्रकाशित कराता हूं कि इकरारनामाकर्ता कुशल पाण्डे उम्र 43 वर्ष पिता श्री रामगोपाल पाण्डे निवासी वार्ड क्र. 9 महामाया वार्ड भाठापारा बस्ती नगर पालिका बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. का है। जो वह अपने हक व कब्जा कृषि भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं. 1 (एक) म.नं. 6 (छः) खसरा नंबर 5/1 रकबा 1.50 एकड़ भूमि को कुशल पाण्डे द्वारा 25,00,000/- शब्दो में पच्चीस लाख रूपये कुता से बिक्री करने का इकरारनामा किया गया है। बयाना राशि 20,00,000/- बीस लाख रूपये प्राप्त कर लिया है। जिसका पंजीयन आज दिनांक तक नहीं किया गया है। अतः आम सूचना प्रकाशित कराया जा रहा है कि उपरोक्त जमीन पर किसी प्रकार का लेन देन न करें। सूचनार्थ।

**गोवर्धन प्रसाद तिवारी**
**मो.नं. 9926111650**

**आम सूचना**

मैं नरेश कुमार आडवानी पिता स्व. रतन आडवानी उम्र 59 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 8 नगर पालिका बोदरी तह. बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूं सूचना प्रकाशित कराता हूं इकरार कर्ता कुशल पाण्डे उम्र 43 वर्ष पिता रामगोपाल पाण्डे जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड क्र. 9 महामाया वार्ड भाठापारा बस्ती नगर पालिका बोदरी थाना चकरभाठा पो. चकरभाठा तह. बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. का निवासी है जो अपने हक व कब्जा की परवर्तित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं. 1 (एक) म.नं. 6 (छः) खसरा नं. 409/7 में से रकबा 0.29 एकड़ भूमि को घरेलु खर्च हेतु कुता 25,00,000/- पच्चीस लाख रूपये में कुता में बिक्री इकरारनामा किया गया है जिसके बयाना स्वरूप 20,00,000/- बीस लाख रूपये प्राप्त कर लिया है उपरोक्त जमीन पर किसी भी प्रकार का लेन देन न करें। सूचनार्थ।

**नरेश कुमार आडवानी**
**मो. 9826429069**

**आम सूचना**

मैं नरेश कुमार आडवानी पिता स्व. रतन आडवानी उम्र 59 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 8 संत कंवराम वार्ड नगर पालिका बोदरी तह. बोदरी थाना चकरभाटा (केम्प) जिला बिलासपुर (छ.ग.) निवासी हूं सूचना प्रकाशित कराता हूं बिक्री इकरारनामा कर्ता कमल किशोर पाण्डे उम्र 54 वर्ष पिता स्व. रामगोपाल पाण्डे जाति ब्राम्हण निवासी महामाया वार्ड क्र. 9 (नौ) भाठापारा बस्ती नगर पालिका बोदरी थाना चकरभाटा (केम्प) पोस्ट चकरभाटा (केम्प) तह. बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग. का निवासी है जो अपने हक व कब्जा का 3 मंजिला दुकान आबादी कब्जा युक्त दुकान जो वार्ड क्र. 11 (ग्यारह) नगर पालिका बोदरी तह. बोदरी जिला बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित है जिसका साईज 13x30 है जिसको कुता में बिक्री करने का पक्का सौदा बेचने का किया गया है जिसका 13,51,000/- में किया गया है। बयाना के रूप में 11,60,000/- ग्यारह लाख साठ हजार रूपये प्राप्त कर लिया है। उपरोक्त दुकान पर किसी भी प्रकार का लेन देन न करें आम जनता को सूचनार्थ। सूचनार्थ।

**नरेश कुमार आडवानी**
**मो. 9826429069**

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**विवाह सूचना का प्रकाशन**

क्रमांक क/112/वाचक/अति-कले/2026
बिलासपुर, दिनांक 08.05.2026

आवेदक श्री अनिल वस्त्रकार आत्मज श्री राजकुमार वस्त्रकार उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम वार्ड नंबर 2, रांक थाना सीपत तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं आवेदिका कुमारी नंदनी आत्मजा श्री राम प्रसाद कमार उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम वार्ड नंबर 12, कमारपारा, बोदलबाहरा थाना मगरलोड तहसील मगरलोड जिला धमतरी (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 15.06.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



अनिल वस्त्रकार



कुमारी नंदनी

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

**कार्यालय प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**

**सीमांकन सूचना**

प्रति, 1. बलदाऊ प्रसाद साहू पिता स्व. छेदीलाल साहू आवेदक 2. रामायण यादव 3. प्रशांत नारंग 4. सुभाष सिंह 5. शिव प्रसाद ठाकुर 6. ख.नं. 282 के समस्त बंटाकनों के भूमि स्वामी 7. अन्य संबंधित एवं समीपस्थ भू- स्वामी

विषयः- सीमांकन/बटांकन में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ ना. तह. सकरी के ज्ञापन दिनांक 06.04.26

संदर्भीत विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम उसलापुर प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 282/8 रकबा 0.0140 हे. एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी बलदाऊ प्रसाद साहू पिता स्व. छेदीलाल साहू निवासी देवकीनंदन चौक बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/ बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन दिनांक 26.05.2026 को लगभग 11.00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि सम्बंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना जाने।

टीपः विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ बटांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

1. तहसीलदार/ अति. तह. / ना. तह. सकरी को सूचनार्थ। 2. रा.नि.म. सकरी को सूचनार्थ। 3. आयुक्त न.पा.नि. बिलासपुर को सूचनार्थ।

**प.ह.नं. 60**
**उस्लापुर तह. सकरी**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै कुसुम साहू उम्र- 51 वर्ष पति श्री राजेन्द्र साहू, निवासी- वार्ड नम्बर 44 मकान नम्बर 54 ईरानी चौक मेन रोड चांटीडीह बिलासपुर, लिंगियाडीह, बिलासपुर, छ.ग. 495006 की हूँ जो कि शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ। 1. यह कि मेरा नाम कुसुम साहू है जो मेरे नाम से जारी आधार कार्ड मे मेरा उक्त नाम दर्ज होकर सही है। 2. यह कि उड़ीसा राज्य मे मेरे नाम पर, मानिक क्षत्रिय के नाम से भूमि रही है क्योकि वहां मुझे इसी नाम से जानते, पहचानते है तथा उसी नाम से मेरे नाम पर भूमि रही है अतः में अपने आधार कार्ड मे अपना अपना नाम सुधरवाकर मानिक क्षत्रीय दर्ज करा ली थी किन्तु अब मै पुनः अपने पूर्व निवास स्थान चांहीडीह बिलासपुर में निवास करने लगी हूँ तथा यहां मेरे नाम से मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड आदि बना है। जिसमें मेरा नाम कुसुम, साहू लिखा है। अतः मैं अपने आधार कार्ड में अपना पूर्व का एवं सही नाम कुसुम साहू दर्ज/सुधार कराना चाहती हूँ।

शपथकर्ती, कुसुम साहू

**कार्यालय रा.नि.म.सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**// सीमांकन सूचना//**

प्रति,
1. सुनीता महिलांगे 2.रमनदीप सिंह सलूजा 3. गुलाबा बाई 4. सुनीता टोंडर 5. अन्य हितबद्ध पक्षकार

**विषयः**-सीमांकन/बटांकन में उपस्थित रहने बाबत।

**संदर्भः**-न्यायालय तहसीलदार/अति.तह./ना. तह. सकरी के ज्ञापन दिनांक 30/04/2026

संदर्भित विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.म.व सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 124/20 रकबा 0.0144 हेक्टेयर भूमि स्वामी (सुनीता महिलांगे पिता/पति अभिजीत महिलांगे निवासी अमेरी के द्वारा सीमांकन/बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 26/05/26 को लगभग 11:00 को 5:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि सम्बंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होंवे। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

अतः सूचना जाने।

**टीपः**- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/बटांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता हैं।

**राजस्व निरीक्षक**
**सकरी**
**तह.सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय रा.नि.म. बोदरी, तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग)**

**सूचना पत्र**

**सीमांकन / मौका जांच समय उपस्थित होने हेतु**

प्रति,
परसदाखार बोदरी म.नं.02 व. फॉर्च्यून बिल्डकॉन फॉर्च्यून इन्फ्रा सर्विसेस प्रा.लि.व. बुधवारा फॉर्च्यून इन्फ्रा सर्विसेस प्रा.लि. अन्य हितबद्ध पक्षकार।

विषय- सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

संदर्भः-न्याया.के ज्ञा.क्र./वा./तह./2026 बोदरी दिनांकः 06/05/2025

उक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/आवेदिका फॉर्च्यून इन्फ्रा सर्विसेस प्रा.लि. डायरेक्टर पवन कुमार अग्रवाल पिता /पति एस. आर.अग्रवाल निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं.01 रा.नि.मं. तहसील बोदरी स्थित भूमि ख.नं. म.नं.03, 15001/1, म.नं.02, 15003 रकबा 2.6400 हे. 7.3001 हे. भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/ मौका जाँच दिनांक 28/05/26 को 12.00 बजे से 4.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें।

टीपः-उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

**रा.नि. बोदरी,**
**तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग)**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### यंग लीडर डायलाग में आयुष ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान



**लोरमी।** समीपस्थ ग्राम सारधा के प्रतिभाशाली आयुष सिंह राजपूत ने श्रीनगर में आयोजित 'जम्मू-कश्मीर यंग लीडर डायलॉग एंड यूथ आरोहण 2026' में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर गौरवान्वित किया। आरोहण में सारधा निवासी युवा प्रतिभागी आयुष सिंह राजपूत को छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का गौरव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान आयुष सिंह राजपूत ने उक्त प्रभावशाली शानदार प्रस्तुति दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें मेडल, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह आयोजन 11 मई से 14 मई तक शेर-ए-श्रीनगर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर श्रीनगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के युवाओं को नेतृत्व, शांति एवं राष्ट्र निर्माण के विषयों पर एक साझा मंच प्रदान करना था। आयुष सिंह राजपूत साधारण एवं किसान परिवार से आते हैं, जो बीएचसी कर पीएससी की तैयारी में जुटे हैं।

### अवैध खनिज उत्खनन, पेड़ कटाई पर कलेक्टर सख्त



**पेंड्रा।** कलेक्टर डॉ संतोष कुमार देवांगन ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जन शिकायतों एवं जन समस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने निराकृत हो चुके प्रकरणों को टीएल सूची से विलोपित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन तथा पेड़ कटाई की शिकायतों पर तत्परता से नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव की समीक्षा के दौरान जिन समीतियों में धान उठाव के लिए शेष रह गए हैं, वहां से खाद्य, सहकारिता एवं मार्कफेड के अधिकारी को समनवय बनाकर तीन दिन के भीतर शतप्रतिशत धान उठाव के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्वाध रुप से विद्युत आपूर्ति, आकाशी बिजली से राजमेढ़गढ़ एवं ठाडपथरा क्षेत्र में मृत हुए मोवेशियों एवं बकरियों का प्रकरण तैयार कर मुआवजा राशि दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन योजना के तहत संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा के दौरान 244 निर्माणाधीन पीएम आवासों को 30 जून तक पूर्ण करने और अप्रारंभ 12 आवासों को शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदारों को कोर्ट में नियमित रुप से बैठकर राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करने, सुशासन तिहार के तहत आयोजित हो रहे जन समस्या निवारण शिविरों में हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने, आगामी खरीफ फसलों की तैयारी के तहत खाद्य-बीज भंडारण एवं वितरण, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के हितग्राहियों का ई-केवाईसी तथा सभी किसानों का एग्रीस्टैक पंजीयन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में विशेष प्रगति लाने, वन विभाग में लंबित मजदूरी भुगतान कराने, सेवा निवृति के छह माह पहले से पेंशन प्रकरण तैयार करने, श्रम और उद्योग विभाग के अधिकारियों को श्रमिक कल्याण से संबंधित प्रकरणों का निराकरण समनवय से करने सहित सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्रता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मुकेश रावटे, एसडीओ फॉरेस्ट गौतम पड़भिार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश मिश्रा सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### एसडीएम ने की लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा



**लोरमी।** कलेक्टर के निर्देशानुसार लोरमी अनुविभाग अंतर्गत समस्त तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों की राजस्व समीक्षा बैठक एसडीएम द्वारा आयोजित की गई, जिसमें बौठक में राजस्व विभाग के विभिन्न लंबित एवं प्राथमिकता वाले विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में नामांतरण, सीमांकन, राजस्व न्यायालयीन प्रकरण, भू-अभिलेख अद्यतन, राजस्व वसूली, नक्शा बटांकन एवं अन्य राजस्व कार्यों की प्रगति की तहसीलवार एवं हल्कावार समीक्षा की गई। विशेष रूप से नक्शा बटांकन कार्य की प्रगति पर गंभीरता से चर्चा करते हुए सभी राजस्व अधिकारियों एवं मैदानी अमले को निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी अजित पुजारी ने निर्देशित किया कि, नक्शा बटांकन कार्य को तकनीकी शुद्धता एवं गुणवत्ता के साथ प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। तथा लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिन राजस्व अधिकारियों-कर्मचारियों की नक्शा बटांकन में प्रगति अत्यंत कम पाई गई, उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया एवं कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि, प्रत्येक पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक अपने क्षेत्र के लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें। राजस्व कार्यों में लापरवाही एवं अनावश्यक विलंब पर प्रशासन द्वारा आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में राजस्व विभाग के समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 3 किमी दूर से पानी ढो रहे धनगांव गोसाई के बच्चे

# टंकियां बनीं शोपीस, बूंद-बूंद को तरसता गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जरहागांव

एक तरफ सरकार गांव-गांव 'हर घर जल' का सपना दिखा रही है, दूसरी तरफ मुंगेली जिले के धनगांव गोसाई की हकीकत उस दावे की परतें उधेड़ रही है। यहां दो-दो विशाल पानी टंकियां गांव के बीच ऐसे खड़ी हैं, मानो विकास का स्मारक हों, लेकिन उनके नीचे रहने वाले लोग बूंद-बूंद पानी के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। गांव की पगडंडियों पर इन दिनों सबसे ज्यादा दिखाई देती हैं सिर पर मटका उठाए महिलाएं, पानी के डिब्बे ढोते बच्चे और साइकिल-स्कूटी में केन बांधकर लौटते ग्रामीण। भीषण गर्मी में गांव की बेटियां रोजाना 2 से 3 किलोमीटर का सफर सिर्फ इसलिए तय कर रही हैं, ताकि घर में चूल्हा जल सके और परिवार की प्यास बुझ सके। यह दृश्य सिर्फ जल संकट की कहानी नहीं, बल्कि उन सरकारी दावों की पोल खोलता है, जिनमें गांव-गांव नल से जल पहुंचाने के बड़े-बड़े वादे किए गए थे।

#### धरातल पर पूरी तरह विफल योजना

ग्रामीणों के अनुसार करीब दो वर्ष पहले गांव में जल जीवन मिशन के तहत नई पानी टंकी बनाई गई एवं गांव भर में पाइप लाइन बिछाई गई। अधिकारियों ने योजनाओं के उद्घाटन किया, फाइलों में काम पूरा बताया गया, लेकिन हकीकत यह है कि, आज तक किसी भी घर के नल से एक बूंद पानी नहीं निकला। पुरानी टंकी पहले से ही जर्जर और बंद पड़ी थी, अब नई टंकी भी उसी की तरह गांव के बीच सफेद हाथी बनकर खड़ी है। लोहे और सीमेंट की ऊंची संरचनाएं रोज ग्रामीणों का मजाक उड़ाती नजर आती हैं।





#### लापरवाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी योजना

धनगांव गोसाई की सूखी टंकियां अब विकास नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था का प्रतीक बन चुकी हैं। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि पूरे गांव की प्यास बुझाने की जिम्मेदारी स्कूल परिसर में लगे एकमात्र ट्यूबवेल पर आ टिकी है। सुबह होते ही यहां ग्रामीणों की लंबी कतार लग जाती है। महिलाएं बर्तन लेकर खड़ी रहती हैं, बच्चे बाल्टियां पकड़े इंतजार करते हैं। लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं होती। बिजली चली गई तो बोर बंद, मतलब पानी बंद। ऐसे में ग्रामीण घंटों तपती धूप में सिर्फ इस उम्मीद में खड़े रहते हैं कि, शायद बिजली आ जाए और उन्हें दो बाल्टी पानी मिल सके।

#### किताबों की जगह पानी डिब्बों का बोझ

धनगांव गोसाई में सबसे दर्दनाक तस्वीर गांव की बच्चियों और बच्चों की है। जिस उम्र में उनके हाथों में किताबें होनी चाहिए थीं, उस उम्र में वे पानी के डिब्बे और बाल्टियां उठाए दिखाई दे रहे हैं। सुबह स्कूल जाने से पहले पानी लाना, शाम को फिर पानी भरने जाना, यही उनकी दिनचर्या बन चुकी है। गर्मी की झुलसाती धूप में कई किलोमीटर पैदल चलना अब उनकी मजबूरी है। यह सिर्फ पानी का संकट नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य पर पड़ता गहरा घाव है।

#### ग्रामीणों में आक्रोश आंदोलन की चोतावनी

ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि, वर्षों से समस्या जस की तस बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर निकल जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मुद्दे को सिर्फ कागजी आश्वासन तक सीमित रखता है, या फिर सच में गांव की प्यास बुझाने के लिए जिम्मेदारों पर कार्रवाई कर ठोस व्यवस्था करता है।

#### दूर की जाएगी समस्या

धनगांव गोसाई को सामूहिक जल प्रदाय योजना में शामिल किया गया है और लगभग एक साल के भीतर समस्या दूर हो जाएगी।

-कमल कंवर
ईई पीएचई विभाग




## धरमलाल ने स्वास्थ्य केंद्र में कराई शव फ्रीजर की व्यवस्था

**सरगांव।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक द्वारा नगर पंचायत सरगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक मद से एक शव फ्रीजर की व्यवस्था की गई।

यह जनहित एवं संवेदनशीलता से जुड़ा अत्यंत सराहनीय कार्य है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में बड़ी राहत एवं सुविधा प्राप्त होगी। इस पर क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि, कई बार नगर पंचायत तथा आसपास के क्षेत्रों में कई कारण होने वाली मृत्यु में मुझे रात्रि में ही अंतिम संस्कार में आना पड़ा है, परंतु कई रीति-रिवाज में शाम ढलते ही अंतिम संस्कार नहीं किया जाता, जिसका मलाल हमेशा मन में रहा। मुझे उम्मीद है कि, शव फ्रीजर से लोगों की कई समस्याओं का निराकरण हो। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रणजीत सिंह होरा, जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू, नगर अध्यक्ष परमानंद साहू, काली कौशिक, रामकुमार कौशिक, उदित साहू, निखिल कौशिक, समर जुनेजा, पवन साहू उपस्थित रहे नगर अध्यक्ष परमानंद साहू ने कहा कि शव फ्रीजर की आवश्यकता और जरूरत का अनुमान इस बात से लगा सकते हैं कि, नगर पंचायत क्षेत्र में कई बार शव फ्रीजर के लिए बिल्हा, बिलासपुर जाने के बावजूद भी लोग खाली हाथ आते थे, और मजबूरी में रीति-रिवाज को किनारे कर रात्रि में ही शव का अंतिम संस्कार किया जाता था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ सत्येंद्र जायसवाल, ने कहा कि हादसों या अन्य कारणों से होने वाली मृत्यु में शव को सुरक्षित रखा जा सकता है, दूसरे दिन पोस्टमार्टम, परिजनों को दिया जा सकेगा। ग्रामीण मृत्यु उपरांत शव को सुरक्षित रखने के लिए इनका उपयोग कर सकते हैं।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का महर्षि नारद जयंती सप्ताह कार्यक्रम



**मस्तूरी।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ की ओर से आयोजित महर्षि नारद जयंती सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में राजधानी रायपुर में हुआ, जिसमे ग्रामीण पत्रकारों की परिचर्चा के बाद सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम का पहला सत्र वृंदावन हॉल तथा दूसरा सत्र स्पीकर हाउस के साहित्यिक हॉल में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने की। साथ ही मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा विशिष्ट अतिथि के रूप मे शामिल हुए। इस अवसर पर संघ के बिलासपुर जिलाध्यक्ष संतोष ठाकुर सहित ग्रामीण पत्रकारों का शॉल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। डॉ रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ के अध्यक्ष पद पर आठवीं बार निर्वाचित होने पर अरविंद अवस्थी तथा महासचिव विश्व दीपक राई को बधाई दी। उन्होंने महर्षि नारद जयंती सप्ताह के आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, इस अवसर पर प्रदेशभर के विकट परिस्थितियों में काम करने वाले ग्रामीण पत्रकारों से मिलने का अवसर मिला। पंकज झा ने महर्षि नारद को भारतीय पत्रकारिता का जनक बताते हुए रामायण काल का उल्लेख किया और हनुमानजी द्वारा लंका जाकर माता सीता के समाचार लाने के प्रसंग का उदाहरण प्रस्तुत किया। रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि, पत्रकारों के सहयोग के बिना समाज सुधार और राष्ट्रवाद की भावना मजबूत नहीं हो सकती। कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष अरविंद अवस्थी, प्रदेश महासचिव विश्व दीपक राई, संतोष ठाकुर, अनिल पवार, राजेश मिश्रा, मनोज मिश्रा, राजू दरयानी, भरत योगी, अब्बास अली, पारस शर्मा, निर्मल सलूजा, राम साहू, अवधेश मिश्रा, मनमोहन नेताम, रवि शुक्ला, रेनू मिश्रा, विनोद शर्मा, छगन साहू, संतोष ताम्रकार, नूतन गुप्ता उपस्थित रहे।

### एसएनजी कॉलेज जीर्णोद्धार में अनियमितता की जांच

**मुंगेली।** शासकीय एसएनजी कॉलेज में डीएमएफ मद से कराए गए जीर्णोद्धार कार्य में अनियमितता संबंधी मामले पर संज्ञान लेते हुए कलेक्टर कुन्दन कुमार ने निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच के निर्देश दिए है। निर्देश के परिपालन में जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायत के परीक्षण हेतु कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत लोक निर्माण विभाग, संभाग मुंगेली द्वारा मामले की जांच के लिए अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग उपसंभाग मुंगेली को अधिकृत किया गया है। जांच प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग द्वारा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, उपसंभाग मुंगेली से संबंधित कार्य के सभी दस्तावेज एवं माप पुस्तिका उपलब्ध कराने के लिए पत्रचार किया गया है। लोक निर्माण विभाग, अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि, जिला प्रशासन से प्राप्त निर्देशों का पूरी गंभीरता एवं पारदर्शिता के साथ पालन किया जा रहा है। संबंधित दस्तावेज प्राप्त होते ही शिकायतकर्ता की उपस्थिति में कार्यों की विस्तृत एवं निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

## 9 करोड़ की सड़क का भूमिपूजन



**सकरी।** तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक की मौजूदगी में तिफरा से घुरू-अमेरी होते हुए 8 करोड़ 77 लाख की लागत से बनने वाली गौरवपथ बिलासपुर को जोड़ने वाली सड़क का विधिवत भूमिपूजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि यह सड़क केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास का नया द्वार साबित होगा। लंबे समय से क्षेत्रीय जनता इस मार्ग की मांग कर रहे थे, जो आज पूरी हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि, क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है, आमजन को बेहतर एवं व्यवस्थित आवागमन उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता है। कार्यक्रम को महापौर पूजा विधानी, एमआईसी सदस्य कुसुम महाबली कोसले, संजय यादव, पार्षद किरण राजेंद्र टंडन, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश राजपूत, उपाध्यक्ष विशाल विक्की सिंह, अनिल पप्पू शर्मा, सर्व यादव समाज जिलाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रवि मेहर व आभार प्रदर्शन किसान मोर्चा के जिला मंत्री राजकमल साहू ने व्यक्त किया गया।

### बिना परमिट जिले में दौड़ रहीं सैकड़ों गाड़ियां, परिवहन कार्यालय के पास कोई जानकारी नहीं

**मरवाही।** परिवहन कार्यालय जीपीएम को जानकारी ही नहीं कि, कितने हल्के चार पहिया वाहन बगैर परमिट के जिले में दौड़ रहे हैं। मामले की जानकारी मांगने पर कार्यालय ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी लेने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया कि, वाहन परमिट से संबंधित जानकारी बिलासपुर कार्यालय में संधारित है। जबकि सैकड़ों वाहन इस जिले में बगैर परमिट के शासकीय कार्यालय और निजी संस्थानों में दौड़ रहे हैं, जिससे शासन को लाखों रुपए के राजस्व हानि से इनकार नहीं किया जा सकता। वहीं विभाग की उदासीनता पर भी सवालिया निशान खड़े होते हैं कि, बेखौफ दौड़ते बगैर परमिट की इन गाड़ियां पर आखिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है।




**कई कार्यालयों में बगैर टैक्सी परमिट वाहनों का उपयोग-**
ज्ञात हो कि, जिले के कई कार्यालयों में कार्यालय प्रमुखों द्वारा बगैर परमिट की गाड़ियों को बाकायदा शासकीय उपयोग में लाया जा रहा एवं उन वाहनों को टैक्सी दर पर बाकायदा भुगतान भी किया जा रहा है। साथ ही निजी संस्थानों में भी निजी वाहनों को टैक्सी गाड़ियों के तौर पर दौड़ाया जा रहा है, जिस पर परिवहन विभाग की मॉनिटरिंग धरातल पर शून्य नजर आ रही है।

## किस्त की राशि लेकर मकान नहीं बनाने पर प्रशासन सख्त

**तखतपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किस्त लेकर मकान नहीं बनाने वाले हितग्राहियों को सीएमओ ने नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर या तो काम प्रारंभ करने को कहा है या राशि वापस करने को कहा है।

सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना सबके लिए आवास मिशन के तहत आवासहीन व्यक्तियों को मकान निर्माण के लिए शासन के द्वारा अनुदान राशि दी जाती है, ताकि वे अपना निर्माण कार्य पूरा कर सकें और उन्हें घर मिल सके। कई बार स्थिति यह होती है कि, मकान निर्माण करने के बाद हितग्राही चक्कर काटते हैं कि, पैसा जारी हो जाए लेकिन नगरपालिका में स्थिति एकदम उलट है। लगभग 450 के आसपास ऐसे हितग्राही हैं, जिन्हें मकान निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि 56 हजार 5 सौ रूपए जारी की गई है। लेकिन किस्त लेने के बाद हितग्राही मकान नहीं बनाए हैं। जब सीएमओ ने अपने कार्यालय में आवास योजना की समीक्षा की तो उन्हें पता चला कि, कई हितग्राहियों ने मकान ही निर्माण नहीं कराया है। इस पर सभी हितग्राहीयों को नोटिस जारी कर हिदायत दी गई है कि, 24 घंटे के अंदर मकान निर्माण प्रांरभ कर उसका फोटो ग्राफ्स कार्यालय में जमा करें या 24 घंटे में राशि वापस करें। यदि दोनों में से कोई भी काम नही करेंगे तो नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। राशि करोड़ों में- नगरपालिका क्षेत्र में आवास योजना के तहत 450 हितग्राहियों को 56 हजार 500 रूपए प्रति हितग्राही की दर से जारी किया गया, जो कुल 25 करोड़ रूपए से भी ज्यादा है। जब हितग्राहियों को नोटिस जारी किया गया तो सभी की धड़कने बढ़ गईं। वहीं सीएमओ अमरेश सिंह ने कहा कि, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास लेकर आवास नहीं बनाने वाले हितग्राहियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। या तो वे तत्काल मकान निर्माण प्रांरभ करें और नगरपालिका को सूचित करें।



■ आवास योजना 450 हितग्राहियों को नोटिस, कार्रवाई की

### डिप्टी रेंजर के घर के सामने से चंदन का पेड़ गायब वन अमले की कार्यप्रणाली व वनसुरक्षा पर सवाल

**मरवाही।** वनमंडल मरवाही अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र मरवाही में विभाग की वनसुरक्षा के दावे तथा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय परिसर में ही डिप्टी रेंजर शिवशंकर तिवारी के घर के सामने से एक बहुमूल्य चंदन का पेड़ काटकर गायब कर दिया गया।



विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के आवासीय परिसर में ही बहुमूल्य चंदन पेड़ का इस तरह गायब हो जाना वन अमले की कार्यप्रणाली तथा सजगता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रहा है। मरवाही वनमण्डल क्षेत्र में चंदन जैसे बहुमूल्य वृक्ष अत्यंत दुर्लभ माने जाते हैं। ऐसे में कार्यालय तथा आवासीय परिसर जैसे सुरक्षित माने जाने वाले स्थान से ही चंदन जैसे पेड़ का अचानक कट के गायब हो जाना विभाग की लापरवाही को उजागर करता है। स्थानीय लोगों में चर्चा है कि, जब विभाग के अधिकारी के घर के सामने से चंदन सुरक्षित नहीं है, तो जंगल के भीतर वृक्षों की क्या स्थिति होगी। गौरतलब है कि, मरवाही वनमंडल अवैध कटाई के मामलों को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहता है। ऐसे में इस ताजी घटना ने विभाग की निगरानी व्यवस्था की पोल खोल दी है। फिलहाल चोरी करने वालों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। वनमंडल के वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। चंदन चोरी की घटना ने पूरे अमले को कटघरे में ला खड़ा किया है।

## 'स्वच्छ गांव-स्वच्छ जीवन' थीम पर कार्यशाला



**मुंगेली।** ग्रामीण स्वच्छता को नई दिशा देने और गांवों को स्वच्छ, स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत सभाकक्ष में 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026' के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

'स्वच्छ गांव-स्वच्छ जीवन' थीम पर आधारित इस कार्यशाला में जिले की ग्राम पंचायतों में वैज्ञानिक एवं सुव्यवस्थित कचरा प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यशाला में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि, स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज की नींव है। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के तहत अब ग्रामीण क्षेत्रें में कचरे के निपटान के लिए आधुनिक और वैज्ञानिक प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे गांवों का वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित बनेगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुंगेली प्रभाकर पाण्डेय ने कहा कि, इस अभियान की सफलता जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करेगी। उन्होंने विकासखंड एवं जिला समन्वयकों को निर्देशित किया कि वे ग्राम पंचायतों में जाकर ग्रामीणों को गीले और सूखे कचरे के पृथक्कीकरण, कम्पोस्टिंग और स्वच्छता प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीकों के प्रति जागरूक करें। कार्यशाला में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, जनपद अध्यक्ष पथरिया चितरेखा मनीष जांगड़े तथा जिला पंचायत सभापति उमाशंकर साहू ने भी ग्रामीण स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाने के लिए जनभागीदारी को सबसे महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप संचालक पंचायत, जिला एवं विकासखंड समन्वयक, जनप्रतिनिधि तथा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की टीम ने सक्रिय सहभागिता की। इस मौके पर जनपद सदस्य पवन पाण्डेय, लोरमी जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बिजनेस साइट

## आपको फ्लेक्सीकैप फंड्स में निवेश कब करना चाहिए?



संजय तिवारी
टू इन्वेस्टमेंट सर्विसेज, बिलासपुर

**बिलासपुर।** फ्लेक्सीकैप फंड्स तब सबसे अच्छे होते हैं, जब कोई निवेशक इक्विटी में निवेश करना चाहता है, लेकिन उसे लगातार यह तय नहीं करना पड़ता कि बाजार का कौन सा हिस्सा लार्ज-कैप, मिड-कैप या स्मॉल-कैप, बेहतर स्थिति में है। इसकी बनावट फंड मैनेजर को पूरे मार्केट-कैप स्पेक्ट्रम में निवेश करने की आजादी देती है, जिससे यह उन लोगों के लिए एक व्यावहारिक विकल्प बन जाता है, जो कई अलग-अलग मार्केट-कैप फंड्स को संभालने के बजाय एक ही, अलग-अलग तरह के इक्विटी फंड को पसंद करते हैं।

पहली स्थिति जहां फ्लेक्सीकैप फंड्स सही बैठ सकते हैं, वह है लंबे समय के लक्ष्यों की योजना बनाना। चूंकि ये इक्विटी फंड्स हैं, इसलिए ये उन लक्ष्यों के लिए ज्यादा सही हैं, जो कई साल दूर हैं-जैसे रिटायरमेंट, बच्चों की पढ़ाई या लंबे समय में धन बनाना।

दूसरी स्थिति तब होती है, जब कोई निवेशक मार्केट-कैप एलोकेशन को लेकर पक्का नहीं होता। कई आम निवेशकों को पता होता है कि वे इक्विटी में निवेश करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें यह तय करने में मुश्किल होती है कि लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप फंडों में कितना पैसा लगाना है। फ्लेक्सीकैप फंड इस काम को आसान बना देता है, क्योंकि इसमें एलोकेशन का फैसला फंड के अंदर ही ले लिया जाता है। तीसरी स्थिति तब आती है, जब बाजार में अनिश्चितता का दौर चल रहा हो। जब मूल्यांकन, ब्याज दरें, कमाई में बढ़ोतरी या दुनिया भर की घटनाएं उलझन पैदा करती हैं, तो निवेशकों के लिए किसी एक श्रेणी को चुनना मुश्किल हो सकता है। फ्लेक्सीकैप फंड आपको निवेशित रहने की सुविधा देता है, और साथ ही जैसे-जैसे नए मौके आते हैं, आपका पोर्टफोलियो अलग-अलग हिस्सों में जा सकता है।

चौथी स्थिति है पोर्टफोलियो में बहुत ज्यादा फंड जमा हो जाना। कुछ निवेशक समय के साथ बहुत सारे इक्विटी फंड जमा कर लेते हैं, जिससे फंड आपस में टकराने लगते हैं और चीजें साफ नहीं रहतीं। फ्लेक्सीकैप फंड आपके इक्विटी पोर्टफोलियो का मुख्य हिस्सा बन सकता हैए खासकर उन लोगों के लिए, जो कई अलग-अलग फंड रखे बिना पूरे बाजार में निवेश करना चाहते हैं।

निवेशक फ्लेक्सीकैप फंड को अपने इक्विटी पोर्टफोलियो का मुख्य हिस्सा बना सकते हैं, और अपने लंबे समय के लक्ष्यों के हिसाब से एसआईपी शुरू कर सकते हैं। यह श्रेणी तब सबसे अच्छा काम करती है, जब इसे बाजार के अलग-अलग दौर से गुजरने के लिए काफी समय दिया जाता है। इससे जैसे-जैसे बाजार की स्थितियां बदलती हैं, पोर्टफोलियो लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप शेयरों में मिलने वाले मौकों का फायदा उठा पाता है।

संक्षेप में कहें तो, फ्लेक्सीकैप फंड्स उन निवेशकों के लिए सबसे अच्छे हैं, जो लंबे समय के लिए, अलग-अलग तरह के और सक्रिय रूप से प्रबंधित इक्विटी में निवेश करना चाहते हैं, और जिन्हें खुद मार्केट-कैप साइक्लिस का समय तय करने की जरूरत नहीं पड़ती। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सीकैप फंड इसी सोच का एक बेहतरीन उदाहरण है। लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट्स में इसका प्रभावशाली एलोकेशन इसे बाजार की बदलती स्थितियों के हिसाब से ढलने और बाजार के अलग-अलग चक्रों में मिलने वाले मौकों का फायदा उठाने में मदद करता है। 30 अप्रैल, 2026 तक, इसने एक वर्ष में 7.85 प्रतिशत, तीन वर्षों में 17.49 प्रतिशत और शुरुआत (जुलाई 2021) से अब तक 14.12 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।

## खबर संक्षेप

### एडमिशन दिलाने का झांसा, 3 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** शहर के एक महिला से उनके बेटे को एमबीए में एडमिशन दिलाने का झांसा देकर 3 लाख रुपए



ठगी कर लिया गया है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि शिवम रेसीडेंसी शांतीनगर निवासी कैरोलिन मैरी 51 साल ने रिपोर्ट लिखाई। फेसबुक विज्ञापन के माध्यम से उनकी पहचान अतुल्य अनुभव पिता जोगिंदर सिंह 23 साल हरमू कालोनी रांची झारखंड निवासी से हुई। जिसने खुद को प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय का अधिकारी बताते हुए उनके बेटे का एमबीए में एडमिशन कराने का भरोसा दिलाया। युवक ने विश्वास में लेकर प्रोसेसिंग फीस, सीट आरक्षण और अन्य शुल्क के नाम पर अलग अलग किश्तों में 3 लाख रुपए की आनलाइन ट्रांसफर करा लिया गया। 11 मई 2026 को महिला को दिल्ली बुलाया, जहां प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने का झांसा दिया गया। जब वे दिल्ली पहुंची तो आरोपी न तो तय स्थान पर मिला और न ही फोन रिसीव किया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

### घर के सामने नहा रहे युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** घर के सामने नहा रहे युवक की पीठ पर नकाबपोश व्यक्ति चाकू से हमलाकर फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोनी पुलिस के अनुसार, बाम्बे आवास निवासी अनुग्रह डेनियल पिता प्रेम डेनियल 19 मई की दोपहर 1.15 बजे घर के सामने नहा रहा था। उसी समय अज्ञात व्यक्ति अपने मुंह को बांधकर आया और उन्हें गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से पीठ पर हमलाकर दिया। शोर मचाने पर हमलावर भाग निकला। चिल्लाने की आवाज सुनकर घरवाले व दोस्त आए तो अनुग्रह खून से लथपथ पड़ा था। अनुग्रह ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### मायके से घर लौटी पत्नी पर कैंची से हमला

**बिलासपुर।** मायके से घर लौटने पर पति ने भाई छोड़ने नहीं आया कहते हुए ताना मारकर कैंची से पत्नी पर हमला कर दिया। पुलिस ने पति के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जरहाभाठा ओमनगर निवासी सूरजा सूर्यवंशी पति ईश्वर सूर्यवंशी बच्चों की छुट्टी लगने पर उन्हें लेकर अपने मायके चली गई थी। 17 मई को वह बच्चों को लेकर ससुराल लौटी तब उसके पति ने उन्हें तुम्हारा भाई छोड़ने नहीं आया कहकर ताना मारने लगा। उस दौरान मामला शांत हो गया था। 18 मई की रात 8 बजे उसका पति ईश्वर उसी बात को लेकर कैंची से हमला कर दिया। जिससे उनके गर्दन में चोट आई है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर पति के खिलाफ बीएनएस की धारा 118, 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

पांच दिनों के बाद सरकंडा के सैकड़ों घरों में गंदा पानी पहुंचना बंद हुआ, राहत की सांस

# अशोक नगर से सप्लाई काटी गई, मेलापारा टंकी से की जाएगी जल आपूर्ति, 200 घरों का लिया गया सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आखिरकार पांच दिनों के बाद सरकंडा के सैकड़ों घरों में गंदा पानी पहुंचना बंद हुआ। निगम की टीम ने पूरे क्षेत्र की पाइप लाइन को खाली करते हुए सफाई की। साथ ही अशोकनगर पानी टंकी से सप्लाई काटते हुए मेलापारा पानी टंकी से सप्लाई शुरू की गई। इस दौरान एक एक-घर का सर्वे करते हुए पानी का सैंपल लिया गया।

निगम के मुताबिक कपिल नगर सरकण्डा क्षेत्र में गंदे पानी आने की शिकायत पर जोन क्रमांक 08 के जल प्रदाय शाखा एवं मुख्य कार्यालय के जल विभाग के संयुक्त टीम द्वारा वार्ड पार्षद एवं नागरिको की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि नगरोत्थान योजनान्तर्गत अशोक नगर से बिरकोना मार्ग पर निर्माणाधीन मार्ग एवं नाला निर्माण के खुदाई कार्य के दौरान कपिलनगर सरकण्डा क्षेत्र हेतु विस्तारित डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी। इसके बाद सुधार कार्य शुरू किया गया। कपिल नगर क्षेत्र के घरेलू नल संयोजन की जांच की गई। साथ ही 3 घरेलू कनेक्शन क्षतिग्रस्त होने के कारण कनेक्शन काटा गया है। इस क्षेत्र में प्रदाय किए जाने वाले जल के सेम्पल लिए गए है, एवं परीक्षण हेतु भेजे गए है।





### स्कावरिंग एवं पाइप लाइन क्लोरिनेशन

सुधार कार्य के दौरान नगरोत्थान योजना अंन्तर्गत प्रगतिरत कार्य अशोक नगर चौक से बिरकोना रोड से विस्तारित पाइप लाइन से कपिल नगर सरकण्डा क्षेत्र का जलप्रदाय काट दिया गया है एवं वैकल्पिक रूप से मेलापारा क्षेत्र के पाईप लाईन से जल प्रदाय किया जा रहा है। इसके साथ ही कपिल नगर क्षेत्र के पाइप लाइन का स्कावरिंग एवं पाईप लाइन क्लोरिनेशन का कार्य किया गया है। निगम के मुताबिक क्षेत्र के जल प्रदाय पर जनप्रतिनिधि एवं नागरिको के साथ मिलकर लगातार संयुक्त निगरानी की जा रही है।पार्षद श्रीमती सीमा राजेश शुक्ला के मुताबिक फिलहाल गंदे पानी की शिकायत दूर कर ली गई है।

### अमृत मिशन से हो रही सप्लाई में परेशानी

निगम अधिकारियों के अनुसार अभी मेन और ब्रांच लाइन की जांच होगी क्योंकि जो गड़बड़ी मिली है, वह घरेलू कनेक्शन में मिली है। ऐसे में और जगह भी लीकेज हो सकता है। इधर लोगों का कहना है कि अमृत मिशन के तहत शहर में हो रही पानी सप्लाई परेशानी का बड़ा कारण बनती जा रही है। सबसे ज्यादा शिकायतें सरकंडा इलाके से सामने आई हैं। यहां की 6 पानी टंकियों में से 3 से जुड़े मोहल्लों में लगातार गंदे पानी की सप्लाई हो रही है। इसके अलावा मगरपारा, तालापारा, व्यापार विहार, तारबाहर और पटवारी प्रशिक्षण केंद्र के पीछे के इलाकों में भी लोग परेशान हैं। कुछ इलाकों में पुरानी पाइपलाइन, लीकेज और सप्लाई लाइन में जमा गंदगी को इसकी वजह माना जा रहा है।

# दो माह सीयू में कुलपति नहीं कर सकेंगे नियुक्ति और निर्णय




हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश के एकलौते सेंट्रल यूनिवर्सिटी गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में वर्तमान कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल का कार्यकाल समाप्ति की ओर चल रहा है। उनका पांच वर्ष का कार्यकाल 23 जुलाई को पूरा जाएगा। इसलिए नियमानुसार दो माह पहले ही 23 मई से कुलपति द्वारा भर्ती, नियुक्ति या नीतिगत निर्णयों पर रोक लग जाएगी।

- 23 मई से दैनदिनी कार्यों पर रहेगा जोर
- दो महिने पश्चात 23 जुलाई को समाप्त होगा कार्यकाल

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आ लो क चक्रवाल के कार्यकाल का आखिरी दो महिना बचा है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में वे 24 जुलाई 2021 में कुलपति बनकर आए थे और उनका यहां पर 5 वर्ष का कार्यकाल था जो 23 जुलाई 2026 को पूरा हो रहा है। इसलिए कुलपति के कार्यकाल समाप्ति को लेकर यूनिवर्सिटी में अभी से चर्चा होनी शुरू हो गई है। नियमानुसार कुलपति के कार्यकाल समाप्ति के दो माह पहले एक तरह से नीतिगत निर्णयों पर रोक लग जाती है और कुलपति अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में केवल दैनदिनी के कार्यो को ही करते हैं। इसलिए कुलपति चक्रवाल के भी 23 मई से नीतिगत निर्णय लेने पर रोक लग जाएगी और अब यूनिवर्सिटी में नई नियुक्तियां, भर्ती प्रक्रिया भी रूक जाएगी। क्योंकि कुलपति के कार्यकाल के आखिरी दिनों में भर्ती, नियुक्ति करने पर रोक रहेगा। इस तरह कार्यकाल के शेष दो माह में कुलपति यूनिवर्सिटी के दैनदिनी कार्यो को ही निपटाएंगे।

#### पोलटिकल साइंस में आखिरी नियुक्ति

यूनिवर्सिटी द्वारा टीचिंग के पदों पर बीच-बीच में भर्ती, नियुक्ति की जाती रही है। हाल ही में 9 मई को पोलटिकल साइंस डिपार्टमेंट में प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हुई है और बनारस के एक प्रोफेसर की यहां नियुक्ति की गई है। दूसरी तरफ रूरल टेक्नालाजी डिपार्टमेंट में प्रोफेसर पद के लिए होने वाली इंटरव्यू स्थगित कर दी गई थी। इस तरह से पोलटिकल साइंस डिपार्टमेंट में जो नियुक्ति हुई है उसे ही कुलपति के कार्यकाल का अंतिम नियुक्ति माना जा रहा है।

#### एक्सटेंशन का आदेश नहीं पहुंचा

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यह भी चर्चा हो रही है कि कुलपति प्रो. चक्रवाल को कुछ अवधि का एक्सटेंशन मिल सकता है। लेकिन केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से एक्सटेंशन के संबंध में अभी तक कोई आदेश नहीं आया है। इसलिए कुलपति के एक्सटेंशन को लेकर असमंजस की स्थिति है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रो. चक्रवाल के आने के पहले डॉ. अंजिला गुप्ता थी और उनका पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें एक साल का एक्सटेंशन कुलपति के रूप में मिला था। इस तरह अंजिला गुप्ता यहां 6 साल तक कुलपति पद पर रही।

## अचानक लगाया ब्रेक, कार की सामने सीट पर खड़ी बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रिश्तेदार के घर से वापस लौट रहे कार सवार ने सामने स्कूटी सवार के आने पर अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे कार के सामने सीट के पास खड़े दो मासूम भाई बहन घायल हो गए। दोनों बच्चों को इलाज के लिए सिम्स लाया गया। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद एक बच्ची को मृत घोषित कर दिया है। दूसरे बच्चे को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।



मृत बालिका।

सकरी टीआई विजय कुमार चौधरी ने बताया कि जांजगीर पामगढ़ पुथर निवासी संतोष लहरे परिवार के साथ रिश्तेदार के घर कोटा गनियारी आए थे। 19 मई की सुबह वे परिवार के सदस्यों को लेकर कार से वापस पामगढ़ घर लौट रहे थे। कार स्वयं संतोष लहरे चला रहे थे। सुबह 8.30 बजे उसलापुर गोकनेनाला के पास सामने स्कूटी सवार युवक के आने पर उन्होंने अचानक कार का ब्रेक लगा दिया। जिससे सामने खड़े उनकी साढ़े तीन साल की बेटी मिरी लहरे, बेटा जॉन लहरे 4 साल गंभीर रूप से घायल हो गए। घरवाले दोनों बच्चों को इलाज के लिए नजदीक के निजी हास्पिटल में लेकर गए। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद सिम्स ले जाने को कहा गया। परिजन दोनों बच्चों को इलाज के लिए सिम्स लेकर आए। जहां प्राथमिक इलाज के दौरान मिरी लहरे की मृत्यु हो गई। डाक्टर ने परिक्षण के बाद बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

वहीं जॉन लहरे की प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। सूचना पर सकरी पुलिस ने बच्ची के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बताया जाता है स्कूटी सवार युवक शराब के नशे में था, जिसके कारण दुर्घटना हुई है।

### मोबाइल हैक कर युवक से 90 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** एक युवक का मोबाइल हैक कर 90 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, दयालबंद निवासी आदित्य गरेवाल पिता बसंत गरेवाल 31 साल का मोबाइल हैक कर उनके बैंक खाते से दो किश्तों में 90 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिया गया है। मोबाइल ठीक होने पर उन्होंने मैसेज देखकर उन्हें ठगी के शिकार होने की जानकारी हुई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## फर्जी मुख्तियारनामा बनाकर मकान की करा ली रजिस्ट्री

**बिलासपुर।** फर्जी मुख्तियारनामा बनाकर बुजूर्ग की दो मंजिला मकान की रजिस्ट्री कराकर कब्जा करने वाले दंपती के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार चांटीडीह रामायण चौक निवासी मधुकर राव 82 साल ने रिपोर्ट लिखाई। चांटीडीह रामायण चौक मार्ग में उनका दो मंजिला मकान और जमीन है। दिसंबर 2022 में वे पारिवारिक संपत्ति विवाद सुलझाने महाराष्ट्र के धुलिया चले गए थे। वहां वे अपने परिवार के साथ लंबे समय तक रह रहे थे। 31 दिसंबर 2023 को उनके पड़ोसी हरिशंकर साहू ने फोनकर उनके मकान में अज्ञात व्यक्ति के रहने की सूचना दी। वे बिलासपुर आकर घर गए तो वहां दीपक मुदलियार नामक युवक उनके मकान में कब्जा किया हुआ मिला। विरोध करने पर दीपक मुदलियार ने कुछ दिन में मकान खाली करने की बात कहीं और कब्जा नहीं छोड़ा। श्री राव ने जिला उप पंजीयक कार्यालय से जानकारी निकाली तो उन्हें पता चला कि दीपक मुदलियार

- दंपती के खिलाफ जुर्म दर्ज

उनके नाम से फर्जी मुख्तियारनामा तैयार कराकर उसी आधार पर उनकी संपत्ति को अपनी पत्नी मुस्कान मुदलियार के नाम पर रजिस्ट्री करा लिया है। रजिस्ट्री के दौरान श्री राव की जगह दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर दिया गया था। दस्तावेजों में लगाए गए अंगूठे व हस्ताक्षर उनके नहीं है। फोरेसिंक जांच में अंगूठा व हस्ताक्षर अलग-अलग पाए गए। मुख्तियारनामा के साथ मतदाता परिचय पत्र लगाया गया है उसका ईपीआईसी नम्बर किसी श्याम अवध पटेल नामक व्यक्ति के नाम पर दर्ज है। पुलिस ने दीपक मुदलियार, उसकी पत्नी मुस्कान मुदलियार के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

#### साढ़े तीन लाख की बिक्री दिखाकर किया सौदा

श्री राव ने आरोप लगाया है आरोपी दीपक मुदलियार ने अपनी पत्नी मुस्कान के नाम पर करीब 3 लाख 50 हजार में संपत्ति बिक्री दिखाते हुए विक्रय विलेख तैयार कराया। इसके लिए बंधन बैंक का चेक भी दस्तावेजों में दर्शाया गया। उन्होंने दंपती के अलावा फर्जी गवाह, संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की मांग की है।

### दो करोड़ की ठगी चार गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ओडिशा से दो करोड़ की ठगी कर ट्रेन से भाग रहे दंपती सहित चार लोगों को पकड़ लिया है। उनके पकड़े जाने की सूचना ओडिशा पुलिस को दे दी गई है। तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने बताया कि 19 मई को ओडिशा पुलिस से सूचना मिली कि दंपती सहित चार लोग दो करोड़ की ठगी कर उत्कल एक्सप्रेस से भाग रहे हैं। श्री सिंह ने आरपीएफ के साथ रेलवे स्टेशन में उत्कल एक्सप्रेस आने पर ठगी करने वाले लक्ष्मीकांत पांडा पिता नारायण चंद पाण्डा 35 साल इच्छापुर भड़क ओडिशा एवं उसकी पत्नी शुभलक्ष्मी पाण्डा एवं एक नाबालिग व एक अन्य को पकड़ लिया।




## ब्रांडेड की जगह भेज दिया लोकल कंपनी का बिस्किट

**बिलासपुर।** नामी कंपनी की बिस्किट के लिए करीब 8 लाख रुपए लेकर लोकर कंपनी का माल भेज दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार सरकण्डा निवासी माधव अग्रवाल माधव इंटरप्राइेज के नाम से एफएमसीजी उत्पादों के डिस्ट्रीब्यूशन और सीएसए का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि नवंबर - दिसंबर 2025 के दौरान उनसे सुरेश साव नामक व्यक्ति ने संपर्क किया। उसने खुद को बंगाल फुड एंड ब्रेवरेजेज कंपनी का नेशनल सेल्स हेड बताया और बिलासपुर क्षेत्र का चैनल सेल्स एजेंट बनाने का प्रस्ताव दिया। उसने डायरेक्टर राकेश कुमार सिन्हा से बात कराई। दोनों ने भरोसा दिलाया कि कंपनी का बड़ा नेटवर्क है और बिलासपुर में उनका अधिकृत वितरण अधिकार दिया जाएगा। माधव अग्रवाल ने अलग अलग तिथियों में कंपनी के खाते में 7 लाख 87 हजार 156 रुपए आरटीजीएस और अन्य माध्यमों से जमा कर दिया। उसके बाद उन्हें कंपनी के नाम पर विक्रय बिल और ई - वे बिल भी भेजे। काफी इंतजार के बाद भी सामान नहीं पहुंचा। जांच करने पर भेजा गया बिस्किट समेत अन्य सामान उस कंपनी के बने हुए नहीं थे। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर राकेश कुमार सिन्हा, सुरेश साव के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

- सरकंडा थाने में जुर्म दर्ज

### दैवेभो कर्मियों की जिला अस्पताल में हड़ताल आज

**बिलासपुर।** रिश्वत कांड के बाद दो नर्सो की बहाली और दैवेभो कर्मचारी के साथ किए गए पक्षपात को लेकर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों ने 20 मई बुधवार को हड़ताल की घोषणा कर दी है।

दरअसल अप्रैल माह में रिटायरमेंट से पहले तत्कालीन संयुक्त संचालक डॉ अनिल गुप्ता रिश्वत कांड के विडियो वायरल के बाद निलंबित नियमित कर्मचारियों को नियमों को ताक पर रखकर बहाल कर दिया था। इस मुद्दे को लेकर दैनिक वेतन भोगियों ने कर्मचारी विमला महानंद को भी बहाल करने का दबाव बनाया है। कर्मचारियों की मांग है कि निलंबित दैवेभो कर्मचारी को बहाल करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में 50 से अधिक कर्मचारी दैनिक वेतन भोगी के तौर पर कार्यरत है। उनके हड़ताल पर जाते ही जिला अस्पताल की व्यवस्था बदहाल होना तय है। इस मामले में कर्मचारियों ने प्रभारी सिविल सर्जन डॉ मनीष श्रीवास्तव को अपना पत्र सौंप दिया है लेकिन प्रबंधन ने अबतक कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की है।




